हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 3 सितंबर 2024


तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 23.7 डिग्री


10 ननि के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को दी गई विदाई





10 किसानों को बताई गई बीज भंडारण के दौरान बरतने वाली सावधानियां






### राज्यपाल आज भिलाई में

भिलाई। राज्यपाल रमेन डेका 3 सितम्बर को भिलाई प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। राज्यपाल दोपहर 3.15 बजे सड़क मार्ग से राजभवन रायपुर से प्रस्थान कर शाम 4 बजे चौहान इम्पेरियन होटल रिसार्ट पुष्पक नगर पहुंचेंगे।


श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) | P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
- पॉली ट्रॉमा
- मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
- कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
- पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
- हड्डियों से मवाद रिसना
- ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371


## परिजनों की उम्मीदों पर फिरा पानी, शिक्षकों का समायोजन भी अटका

# युक्तियुक्तरण के साथ ही ठंडे बस्ते में अतिशेष शिक्षकों का मसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राज्य शासन के युक्तियुक्तकरण पर ब्रेक लगने से छात्रों के परिजनों की उम्मीदों पर पानी फिर गया है। युक्तियुक्तरण नहीं किए जाने से अब ऐसे स्कूल जहां शिक्षक नहीं हैं और ऐसे भी स्कूल जहां ढेर सारे शिक्षक भरे पड़े हैं, उनका क्या होगा। इन स्कूलों में व्याप्त असंतुलन का खामियाजा आखिर स्कूल में पढ़ रहे बच्चों को उठाना पड़ेगा। युक्तियुक्तरण के दूसरे फेस में होने वाले शिक्षकों का समायोजन पर ब्रेक लगने से ऐसे स्कूल जो शिक्षक विहिन हैं, वहां की समस्या जस के तस बनी हुई है।

मिलाकर इस प्रक्रिया पर रोक लगने से हम वहीं के वही खड़े हो गए हैं। युक्तियुक्तकरण के चलते परिजनों को स्कूल को मर्ज करने का तो नहीं, लेकिन उन्हें इस बात की उम्मीद थी कि स्कूल में अब शिक्षक मांग के अनुसार मिल जाएंगे। इसमें खासकर ग्रामीण इलाकों के परिजनों ने उम्मीदे लगाई थी। दुर्ग जिले में ग्रामीण इलाकों के स्कूलों का बुरा हाल है। जिले के ऐसे 12 स्कूल हैं, जहां एक भी शिक्षक नहीं है। जबकि 51 स्कूल ऐसे दशा से गुजर रहे हैं, जहां सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे स्कूल का संचालन हो रहा है। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि शिक्षा गुणवत्ता में सुधार लाने की राग अलापने वाले शासन और प्रशासन की भूमिका क्या होगी। युक्तियुक्तरण के बाद दूसरे फेस में शिक्षकों का समायोजन किया जाना था। इसके लिए इसी प्रक्रिया के तहत दोनों बिन्दुओं की जानकारी जिले के ब्लाकों से मंगाई जा रही थी। लेकिन अचानक राज्य शासन द्वारा इस निर्णय को बदलने के चलते ऐसे स्कूलों की जानकारी भी नहीं आ पाई जहां तय सेटअप से अधिक शिक्षक पदस्थ है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना हैं कि राज्य शासन के युक्तियुक्तरण के फैसले को वापस लेने के बाद बीईओ से भी जानकारी नहीं आ पाई है।

### स्कूलों में शिक्षकों के असंतुलन से प्रभावित हो रही शिक्षा की गुणवत्ता

#### अतिशेष सूची बनाने में नहीं दिखा रहे रूचि

वर्तमान में शिक्षा महकमें के पास अतिशेष शिक्षकों की सूची नहीं है। उनका कहना है कि सेटअप के अनुसार स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक है। लेकिन जमीनी स्तर पर पड़ताल से यह पता चला है कि दुर्ग जिले में 12 स्कूल में शिक्षक ही नहीं हैं। जबकि 51 स्कूल एक ही शिक्षक के भरोसे चल रही है। ये सभी ग्रामीण इलाकों के स्कूल हैं। शिक्षा विभाग में सेटअप के समान बनाए जाने की जिम्मेदारी न सिर्फ विभाग बल्कि प्रशासन का भी है। लेकिन प्रशासन स्तर पर भी अतिशेष शिक्षकों को लेकर कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। विगत दिनों जिला पंचायत के सामान्य सभा में सदस्यों ने अपने क्षेत्र में शिक्षक नही होने का पूरा ठिकरा प्रशासन पर फोड़ दिया।



#### गांव के शिक्षक पढ़ाई का बोझ ढो रहे

जानकारी अनुसार प्राथमिक में तीस बच्चों पर एक शिक्षक और मिडिल में 35 पर एक शिक्षक का सेटअप बना हुआ है। लेकिन ग्रामीण इलाकों में तो सैकड़ों बच्चों को एक शिक्षक पढ़ा रहे हैं। जबकि शहर के स्कूलों में दस बच्चों के लिए एक शिक्षकों की फौज है। इस तरह जहां गांव में एक शिक्षक पढ़ाई के बोझ में दबे हैं, वहीं शहर में शिक्षक मौज कर रहे हैं। दुर्ग जिले में 51 ऐसे स्कूल हैं। जहां एक ही शिक्षक है। जिसमें शास.प्रा.शा.सुभाष शांतिनगर दुर्ग, शास.प्रा.शा. श्रमिक नगर छावनी, शास. प्रो. शास. न्यू बजरंग नगर उरला, शासकीय प्राथमिक विद्यालय उरला, शास.प्रा.शा. आबादीपारा जंजगिरी, शास.प्रा.शा. अछोटीभाठ, शास.प्रा.शा. प्रोन्नत मचान्दुर, शास.प्रा.शा. मालूद, शासकीय प्राथमिक विद्यालय बादीपारा पसेगांव., शास.प्रा.शा.मासाभाठ, शासकीय प्राथमिक विद्यालय औद्योगिक क्षेत्र बोराई, शास.प्रा.शा. घुघसीडीह, धमधा शास.प्रा.शाला ढौर (ना.), शासकीय हाईस्कूल गनियारी सहित ऐसे 51 स्कूल है। जहां एक ही शिक्षक है।

#### इन स्कूलों में एक भी शिक्षक नहीं

जिले के बारह स्कूल में एक भी शिक्षक नहीं है। ऐसे में यहां पढ़ाई कराने शिक्षा विभाग पास के ही स्कूल से शिक्षकों को यहां भी समय देकर बच्चों को पढ़ाई कराने का प्रयास कर रही है। जबकि इन स्कूलों में शिक्षक नहीं होने के चलते तैयार किए गए युक्तियुक्तकरण में लगभग ऐसे स्कूलों को शामिल किए जाने की जानकारी सामने आई है। ये स्कूल धमधा के प्राथमिक खपारी ब, प्राथमिक शाला अगार, प्राथमिक शाला गाडाघाट शामिल है। वहीं पाटन का प्राथमिक शाला अकतई, प्राथमिक शाला जामगांव एम है। वही दुर्ग में हाईस्कूल कोलिहापुरी, हाईस्कूल मोहलाई है। धमधा में हाईस्कूल बिरेझर, हाई स्कूल दनिया, हाई स्कूल सिलतरा, हाईस्कूल पुरदा हाई स्कूल पेड्री शामिल हैं।

#### इन स्कूलों में सेटअप से ज्यादा शिक्षक

अतिशेष शिक्षकों की जानकारी बीईओ से मंगाई गई है। हरिभूमि द्वारा गांव के आंकड़े सामने आने के बाद दुर्ग शहर के दर्जनभर स्कूलो की पड़ताल की गई। जिसमें पाया गया कि, प्राथमिक स्कूल संतराबाडी में तीस बच्चों पर चार शिक्षक है। तकियापारा प्राथमिक में 130 बच्चों पर 11 शिक्षक है। प्राथमिक स्कूल गुरूनानक 48 बच्चों पर चार शिक्षक हैं। प्राथमिक स्कूल मालवीय नगर में 42 बच्चों पर चार शिक्षक, झुग्गीपारा प्राथमिक में 112 बच्चों पर सात शिक्षक, केलाबाडी प्राथमिक में 54 बच्चों पर छः शिक्षक और प्राथमिक पद्नाभापुर स्कूल में 54 बच्चों पर चार शिक्षक पाए गए। यहां यह बताना जरूरी है कि प्राथमिक स्कूल में तीस बच्चों पर एक शिक्षक और मिडिल में 35 बच्चों पर एक शिक्षक प्रावधान है।

## एयर फोर्स के जवान से ट्रांसपोर्टर ने की 27 लाख रुपए की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

एयर फोर्स जवान के साथ ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने ट्रांसपोर्टर के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-6 निवासी जवान मनीष कुमार शर्मा ने शिकायत किया है कि अजय सिंह नामक व्यक्ति सेक्टर 6 में रहने वाला के हक-स्वामत्वि की दो ट्रक का पंजीकृत स्वामी है। जिसे व्यवसायिक कार्य के लिए रुपयों की आवश्यकता होने पर अजय सिंह द्वारा उक्त दोनों वाहनों को मनीष कुमार शर्मा को विक्रय करने के लिए कहा। जिस पर मनीष ने दोनों वाहनों को 12 लाख रुपए एवं 15 लाख रुपए वाहन की कुल कीमत 27 लाख रुपए में क्रय किया गया था। अजय सिंह ने दोनों वाहनों की ऋण की किस्त का भुगतान नहीं किया।


कैंसर सर्जरी पश्चात अंगों का पुन:निर्माण
(जबड़ा, स्तन व अन्य)
छ.ग.शासन से मान्यता प्राप्त
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री





916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री
शर्तें लागू
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग

FAYDE KE 20 DIN
2nd SEP - 22nd SEP
RATHI'S BUILD MART
नींव से निर्माण तक®
BATH & SANITARY | TILES | STONES
PLYWOOD | VEENER | LAMINATE
HARDWARE | WELLNESS | WINDOWS
Limited Time.
Unlimited Fayde!
- Discounts on all product range
- Get discount vouchers on next purchase
- Upto 70% OFF On Selected Products
AND MANY MORE...
KOHLER. | Nexion ITALIAN STYLE THAT INSPIRES
hansgrohe | icon WORLD OF TILE
fima CARLO FRATTINI | FlexStone®
Oyster® Bathroom beauties for the privileged | ELEVATED LIVING haique® Quartz | Marble | Terrazo
HÄFELE | SABURI® PLYWOOD
OFFERS NOW LIVE AT:
RAIPUR Dhamtari Road, Devpuri 8518882010
BILASPUR Vyapar Vihar Chowk 8518882030
JAGDALPUR Chitrakote Road 8518882020

# आठ माह के कार्यकाल में 3094 अपराध दर्ज, छह सौ बलात्कार के केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भाजपा के आठ माह के कार्यकाल में महिलाओं के सुरक्षित नही होने का आरोप कांग्रेस ने लगाया है। कांग्रेस ने आंकडों के साथ यह भी बताया है कि इस आठ माह में प्रदेश के विभिन्न थानों में 3094 अपराध दर्ज हुए है, वहीं छः सौ से अधिक बालात्कार के केश दर्ज किए है। बढते अपराध से आक्रोशित कांग्रेसियों ने मंगलवार को हिन्दी भवन के सामने काली पट्टी लगाकर मौन सत्याग्रह आंदोलन करेगें।

दुर्ग-भिलाई के वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने राज्य की भाजपा सरकार पर कानून व्यवस्था में नियंत्रण नही होने और महिला अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि होने का आरोप लगाया है। दुर्ग के राजीव भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस ने डीपीएस मामले को लेकर भी कहा कि, बगैर अपराध दर्ज किए पास्को मामले में एसपी द्वारा जांच कर दी गई। उन्होने बताया कि, इसकी शिकायत उन्होने आईजी से भी की है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर दुर्ग व भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आज 3 सितम्बर को मौन सत्याग्रह कर राज्य में सुशासन देने का दावा करने वाली भाजपा सरकार को सद्बुद्धि देने भगवान से प्रार्थना की जाएगी। दुर्ग में यह मौन सत्याग्रह हिन्दी भवन के सामने स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष सुबह 11 बजे की जाएगी। इस दौरान विरोध स्वरुप कांग्रेसजन काली पट्टी भी लगाएंगे। इस दौरान दुर्ग शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गया पटेल, भिलाई कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, महापौर धीरज बाकलीवाल, नीरज पाल, सभापति राजेश यादव, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष अलताफ अहमद, अजय मिश्रा, राजकुमार साहू, कांग्रेस नेता नासिर खोखर, सीजू एंथोनी, संदीप निरंकारी भी मौजूद रहे।

## भाजपा के कार्यकाल में महिलाएं के सुरक्षित नहीं होने का कांग्रेस ने लगाया आरोप

### चरणबध्द आंदोलन किए जाने का निर्णय

कांग्रेस ने कहा कि, कार्यवाही नही होने पर चरणबद्ध आंदोलन कर आपराधिक घटनाओं और महिला अत्याचार के मामलों पर विराम लगाने राज्य की भाजपा सरकार को जगाने का प्रयास किया जाएगा। पूर्व विधायक अरूण वोरा ने राज्य की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि, राज्य की भाजपा सरकार के 9 महीनों के कार्यकाल में प्रदेश में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। प्रदेश में आए दिनों महिला से अत्याचार की घटनाएं सामने आ रही है। जिससे महिलाएं अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रही है।



### इन मामलों को भी गिनाया

पीसीसी महासचिव राजेन्द्र साहू ने कहा कि, बलौदा बाजार में जैतखम्भ में तोड़फोड़, भिलाई डीपीएस की बच्ची के साथ अत्याचार व अन्य घटनाओं पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है। जबकि इसके विपरीत भिलाई-3 में शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों पर कार्यवाही करने में पुलिस ने जरा भी देरी नहीं की। पूर्व मंत्री बीडी कुरैशी ने कहा है कि, राज्य में बिगड़े कानून व्यवस्था से 4 वर्ष की बच्ची से लेकर 70 वर्ष की महिलाएं सुरक्षित नही रह गई है। यह प्रदेश में कानून व्यवस्था चौपट होने का बड़ा प्रमाण है। लेकिन कांग्रेस चुप नहीं रहेगी।

## खबर संक्षेप



### हिन्दी भवन में लगेगा अनु अधिकारी कार्यालय

दुर्ग। संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने दुर्ग स्थित हिन्दी भवन पूर्व न्यायालय आयुक्त दुर्ग संभाग में नवनिर्मित अनुविभागीय अधिकारी रा कार्यालय भवन का उद्घाटन किया गया। पूर्व में यह तहसील कार्यालय दुर्ग के भवन में संचालित किया जा रहा था। उद्घाटन समारोह कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर एडीएम अरविंद एक्का, सहायक कलेक्टर एम भार्गव, एसडीएम दुर्ग हरवंश सिंह मिरी एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### ब्रेनिस अबकस में शिवांश गौतम तीसरे स्थान पर

दुर्ग। ब्रेनिस अबकस के तत्वाधान में रायपुर स्थित अग्रसेन धाम में आयोजित राज्य स्तरीय अबकस प्रतियोगिता स्टेज 3 लेबल ब्रेनिस में दुर्ग के शिवांश गौतम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। शिवांश गौतम कृष्णा पब्लिक स्कुल पुलगांव चौक दुर्ग के प्रतिभावान छात्र हैं जो कि कक्षा चौथी में अध्ययनरत हैं। सहायक अभियंता नगर वृत्त कार्यालय में कार्यरत ऋतुराज गौतम एवं सेजस सेलूद में पदस्थ प्रधान अध्यापिका डॉ रितिका गौतम के सुपुत्र हैं।



### हरि कीर्तन प्रभात फेरी निकाली गई



दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई दुर्ग के तत्वधान में हरि ओम का कीर्तन करते हुए प्रभात फेरी चंद्रनगर कोहका भिलाई में निकाली गई। प्रभात फेरी में संत आशाराम बापू के शिष्य के अलावा कोहका ग्रामवासी सैकड़ों की संख्या में शामिल हुए। कार्यकर्म का मुख्य उद्देश सुबह सुबह भगवान नाम से समाज को जोड़ना था। कार्यकर्म में आश्रम की ऋषि प्रसाद मासिक पत्रिका निःशुल्क बांटी गई। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

## कस्टम मिलिंग : एफसीआई के रवैय्ये से मिलरों में पनप रहा आक्रोश

# एफसीआई नहीं दे रही गोदाम में जगह, 62 मिलरों ने लगाई अर्जी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

एफसीआई द्वारा जिले के मिलरों को पिछले पखवाडेभर से चावल रखने की जगह उपलब्ध नही करा पाने के कारण कस्टम मिलिंग चौपट हो गई है। जिससे परेशान जिले के 62 राईस मिलरों ने उसना चावल जमा करने के लिए एफसीआई को पत्र लिखा है। लेकिन इसके बाद भी जगह नही मिलने के कारण अब तक 14 लाख क्विंटल चावल जमा नही हो सका है।

एफसीआई में पिछले लंबे समय से चावल रखने की मशक्कत कर रहे मिलरों का कहना हैं कि, जगह नही मिलने के चलते एफसीआई में दस लाख क्विंटल का चावल जमा नही हो सका है। हांलाकि नागरिक आपूर्ति निगम में मिलरों को साढे तीन लाख क्विंटल चावल जमा करना शेष है। लेकिन इन दिनों सबसे ज्यादा परेशानी एफसीआई को लेकर है। जगह नही दिए जाने के चलते मिलर कस्टम मिलिंग के चावल को सुरक्षित रखने में चुनौती बता रहे है। हांलाकि इसकी जानकारी तभी होगी जब प्रशासन मिलों का भौतिक सत्यापन करेगी। बहरहाल नान और एफसीआई मिलाकर मिलरों को 14 लाख क्विंटल चावल जमा करना शेष है।

**खास बातें**

- जिले में 151 मिलर कस्टम मिलिंग के लिए पंजीकृत
- हर माह जिले में 29 लाख क्विंटल मिलिंग की है क्षमता
- 14 लाख क्विंटल चावल मिलरों ने नहीं किया जमा

### प्रशासन ने भी शुरू की चावल जल्द जमा कराने की मुहिम



### विभाग की टीम जांच करने पहुंची मिल में ताला

जानकारी अनुसार खाद्य विभाग की टीम सोमवार को बोरी स्थित एक राईस मिल में जांच करने पहुंची थी। लेकिन यहां ताला लगा पाया गया। वहां काम कर रहे कुछ लोगों का कहना था कि, पोल पर्व होने के चलते मिल बंद है। इसी तरह विभाग अगर अन्य मिलों की जांच करेगी तो चावल की स्थिति स्पष्ट होगी, साथ ही मिलरों द्वारा उठाए गए सरकारी धान की जांच भी जरूरी है। इस जांच से यह पता चलेगा कि, धान उठाने के बाद मिलरों ने कितना कस्टम मिलिंग किया है।

### चावल में देरी से राज्य शासन को नुकसान

जानकारी अनुसार मिलरों द्वारा कस्टम मिलिंग के तहत चावल जमा करने में देरी होने के कारण राज्य शासन को चावल के एवज में केन्द्र से मिलने वाली राशि में विलंब होगी। यही कारण है कि, राज्य के अन्य जिलों में प्रशासन द्वारा मिलों में छापामार कार्यवाही कर चावल जमा करने में तेजी लाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन दुर्ग में अभी भी करीब 14 लाख क्विंटल चावल जमा नही हो सका है।

### मांग की गई

जिले के मिलरों ने उसना चावल जमा करने के लिए एफसीआई को पत्र लिखा है। जगह मिलते ही मिलर चावल जमा करेंगे। मिलरों को चावल जमा करने लगातार निर्देश दिए जा रहे हैं।
-सीपी दीपांकर,
खाद्य नियंत्रक दुर्ग

# स्वाइन फ्लू से आज फिर एक मरीज की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

स्वाइन फ्लू से एक बार फिर सोमवार को चौथी मौत हो गई है। एसएसएमआईएस जुनवानी भिलाई में भर्ती एक मरीज की मौत हो गई हैं। इसके पहले रविवार तक तीन लोगों ने जान गंवा दिया है। इधर स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वाइल फ्लू से बचने लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

- विभिन्न अस्पतालों में तेरह का चल रहा इलाज

जानकारी अनुसार विगत दस अगस्त से दो सितंबर तक 23 मरीजों की अस्पतालों में भर्ती की गई थी। जिसमें छः मरीजों को छुट्टी दे दी गई है। जबकि चार मरीजों ने जान गंवा दी है। बहरहाल नारायणना रायपुर, रामकृष्ण केयर हास्पिटल रायपुर, एम्स रायपुर, श्री संकल्प हास्पिटल सरोना रायपुर और जुनवानी भिलाई, मेडिकल कालेज कंचादुर में मरीज भर्ती है, जिनका इलाज जारी है। विभाग द्वारा मरीजों को मार्गदर्शन में वर्तमान में दुर्ग जिले में मौसमी बीमारियों जैसे उल्टी, दस्त, पीलिया, डेन्गु, मलेरिया, स्वाइन फ्लु आदि के धनात्मक प्रकरणों में वृद्धि देखते हुए समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं को भारत सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देश का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है। दुर्ग जिले में भी मौसमी बिमारियों की बचाव, उपचार व रोकथाम हेतु समुदाय में लोगो द्वारा स्वाईन फ्लू संक्रमण से ऐहतियात बरतने जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं को दिशा-निर्देश जारी किया जा चुका है जिससे संक्रमण का फैलाव कम किया जा सके।

### पांच दिन में दूसरे हो जाता हैं संक्रमित

स्वाईन फ्लू हेतु स्वाईन फ्लू श्वसन तंत्र संक्रमण है जो मनुष्यों में इनफ्लुएंजा ए वायरस के कारण होता है। सामन्यतः इसकी अवधि 1 से 2 दिन की होती है। संकमण का प्रसार संक्रमित व्यक्ति के लक्षण प्रारंभ होने के 3 से 5 दिवस तक अन्य व्यक्ति को हो सकता है एवं इसका प्रसार सामान्यतः संक्रमित व्यक्ति के सम्पर्क में आने से फैलता है। इसमें सामान्य लक्षण सर्दी, खांसी, गले में खराश, बुखार, सिरदर्द, थकावट और कभी दस्त एवं उल्टी भी होते है।

### पंजीयन नवीनीकरण 31 दिसम्बर तक आवेदन

दुर्ग। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के गठन से आज दिनांक तक ऐसे पंजीकृत श्रमिक जिनके पंजीयन की वैधता समाप्त हुए एक वर्ष या उससे अधिक का समय हो चुका है तथा उनके द्वारा पंजीयन नवीनीकरण हेतु आज दिनांक तक आवेदन प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे निर्माण श्रमिकों को 31 दिसम्बर 2024 तक पंजीयन नवीनीकरण आवेदन सकते हैं। 31 दिसम्बर 2024 के पश्चात ऐसे अनवीनीकृत पंजीयन को अपंजीकृत माना जाएगा।

# किसानों को बताई गई बीज भंडारण के दौरान बरतने वाली सावधानियां



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ गिरीश चंदेल के निर्देशन से कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा अ में दुर्ग जिले के किसानों के बीज उत्पादन के समापन कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के निदेशक विस्तार सेवायें डॉ एसएस टूटेजा ने जिले के किसान प्रशिक्षणार्थी के समस्त प्रश्नों जैसे बीज की ग्रेडिंग, मशीन लगाने की प्रक्रिया, बीज प्रमाणीकरण के लिये पंजीयन प्रक्रिया, बीज निरस्त होने पर किसानों को नुकसान हो तो क्या करना है, जैविक बीज बनाने के लिये प्रमाणीकरण की प्रक्रिया, जैविक बीज भंडारण में सावधनियां जैसे कई प्रश्नों की तकनीकी जानकारी प्रदान की।

छः दिवसीय इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में 28 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम में किसानों को जैविक धान उत्पादन की पंजीयन प्रक्रिया, जैविक बीज उत्पादन, जैविक धान विक्रय के लिये एफपीओ की भूमिका पर भी चर्चा हुई। इसके पूर्व डॉ ईश्वरी कुमार द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र के ग्रेडर ईकाई जहां बीज संशोधित करने का प्रायोगिक प्रदर्शन किसानों को कराया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रमुख डॉ विजय जैन ने आगामी फसलों जैसे सरसों, चना आदि के लिए तकनीकी ज्ञान उपलब्ध कराने का किसानों को आश्वस्त किया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनय नायक द्वारा प्रेषित किया गया।

# ननि के सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग के सेवानिवृत्त हुए 3 अधिकारी कर्मचारियों को सोमवार को निगम कार्यालय स्थित मोतीलाल वोरा सभागार में विदाई दी गई। इस मौके पर महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त लोकेश चन्द्राकर एवं सभापति राजेश यादव ने सेवानिवृत्त हुए इन अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। वहीं निगम के अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने भी सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारियों का सम्मान करते हुए उन्हें निगम कार्यालय से विदाई दी। नगर पालिक निगम सहायक अभियंता आरके पालिया, सहायक राजस्व निरीक्षक गौकरण लाल स्वर्णकार एवं सफाई कर्मी सुशीला नगर निगम में अपनी दीर्घकालीन सेवा के पश्चात निगम की सेवा से निवृत्त हुए। महापौर ने इस मौके पर कहा कि आप सबने अपनी दीर्घ सेवा के दौरान इस संस्था को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदान किया है। आपके सहयोग के लिए निगम सदैव तत्पर रहेगा।

कार्यक्रम का संचालन उद्यान प्रभारी अनिल सिंह तथा आभार प्रदर्शन स्वास्थ्य धर्मेंद्र मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, सहायक अभियंता वीपी मिश्रा, जितेंद्र समैया, गिरीश दीवान, संजय ठाकुर, स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, सुरेश केवलानी, विनोद मांझी, राजेन्द्र ढाबाले, पंकज साहू आदि मौजूद थे।

# रोजगारोन्मुखी ट्रेडों पर 90 दिनों का कौशल प्रशिक्षण का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पीएम अभ्युदय योजना के तहत एमएसएमई प्रौद्योगिकी केंद्र दुर्ग में जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्यामल दास द्वारा सहायक ऑपरेटर सीएनसी टर्निंग, सहायक इलेक्ट्रीशियन घरेलू सह औद्योगिक और तकनीशियन कंप्यूटर हार्डवेयर और नेटवर्किंग जैसे रोजगारोन्मुखी ट्रेडों पर 90 दिनों के कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्घाटन किया गया। कौशल प्रशिक्षण भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के रसमड़ा स्थित प्रौद्योगिकी केंद्र में शुरू किया गया है। जिसमें निगम द्वारा प्रायोजित अनुसूचित जाति के 90 छात्र 10वीं पास योग्यता के आधार पर भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण आवासीय और पूरी तरह से निःशुल्क है। सत्र के दौरान भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं को संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम के लाभों और उपयुक्त नौकरी के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई।

पाठक सूचना
हरिभूमि समाचार पत्र उतई में
अखबार की प्रति, समाचार एवं
विज्ञापन के लिए जिज्ञासा
न्यूज एजेंसी (लेखराम सोनवानी)
मो. 9691072365 पर संपर्क करें।

## अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी जनसामान्य की समस्याएं

# मुआवजे की मांग, स्कूल परिसर में अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जनदर्शन में सोमवार को 103 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें दुर्ग ग्रामीण के किसानों ने भारतमाला परियोजना के अंतर्गत मुआवजा राशि प्रदान करने आवेदन दिया। ग्राम पंचायत बोरीगारका (करगाडीह) में स्थित भूमि स्वामित्व को भारतमाला परियोजना अंतर्गत प्रभावित भूमि स्वामियों का नाम अवार्ड सूची में सम्मिलित करने एवं मुआवजा राशि प्रदान की मांग की।

- कलेक्टर जनदर्शन में मिले 103 आवेदन

इस पर अपर कलेक्टर ने जानकारी दी कि प्रभावित भूमि स्वामियों का नाम अवार्ड सूची में सम्मिलित कर लिया गया है, जल्द ही मुआवजा राशि प्रदान की जाएगी। ग्राम बोरसी निवासियों ने वार्ड नम्बर-52 में विद्युत पोल लगवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि अस्थायी रूप से दूर स्थित पोल से विद्युत कनेक्शन कर जीवनयापन किया जा रहा है। वार्ड में कोई विद्युत पोल नही होने के कारण स्थायी कनेक्शन नही मिल पा रहा है। वार्ड में कच्चे एवं पक्के दोनों मकान हैं। रात में वार्ड में अंधेरा हो जाने के कारण वार्डवासियों को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इस पर अपर कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने कहा।



### स्कूल परिसर में अतिक्रमण की शिकायत

शासकीय हाई स्कूल केम्प-02 भिलाई, शासकीय हाई स्कूल नवीन प्रा.शाला केम्प-02 एवं बाल मंदिर केम्प-02 भिलाई के तीनों स्कूल परिसरों में व्यापारियों एवं रहवासियों द्वारा अतिक्रमण किए जाने की शिकायत की। इस पर अपर कलेक्टर ने तहसीलदार दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

### उप स्वास्थ्य केन्द्र में डाक्टर की मांग

पार्षद ने वार्ड नम्बर-33 संतोषी पारा केम्प 2 भिलाई में स्थित उपस्वास्थ्य केन्द्र में डॉक्टर पदस्थ कराने की मांग की। विगत एक वर्ष पूर्व उपस्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित डॉक्टर का स्थानांतरण हो जाने के कारण उक्त स्थान पर किसी अन्य डॉक्टर को पदस्थ नही करने के कारण वार्डवासियों एवं गर्भवती महिलाओं को टीकाकरण व अन्य उपचारों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जनदर्शन में प्रधानमंत्री आवास योजना, आर्थिक सहायता, अनुकंपा नियुक्ति, सड़क मरम्मत, राशन कार्ड, अवैध कब्जा सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

### उरला वार्ड में सुलभ नहीं सफाई कराने की मांग

दुर्ग। विधायक गजेंद्र यादव से उरला वार्ड के नागरिकों ने सार्वजनिक सुलभ व सफाई की समस्या से अवगत कराये। चंद्रप्रकाश साहू ने तालाब में जा रहे निस्तारी के गंदे पानी को रोकने नाली बनाने की मांग की। वार्ड 57 व 58 में नागरिकों से मिलने विधायक गजेंद्र यादव सोमवार को उरला पहुँचे थे। पार्षद सुश्री जमुना साहू ने वहां के नागरिकों के साथ विधायक श्री यादव को अटल आवास का निरिक्षण कराते हुए बताया कि देखरेख व मेंटेनेस नहीं होने से सार्वजनिक सुलभ बदहाल होने लगा है। जिस पर सभी सुलभ संचालक को नोटिस जारी कर शीघ्र व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश दिये। सुलभ में पानी की उपलब्धता, टूटे फूटे खिड़की दरवाजा को ठीक कराने सहित सभी व्यवस्था दुरुस्त करने कहा।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्पेशल ट्रेन से

21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग,
श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 30,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### बियर बार के सामने मिली युवक की लाश

**भिलाई।** सोमवार को बार के सामने एक युवक की लाश मिली। सूचना पर मौके पर पहुती पुलिस ने शव का शिनाख्त कर पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक मृतक का शिनाख्त दिनेश यादव 40 वर्ष के रुप में हुई। मृतक दिनेश राजधानी बार के पीछे सरकारी स्कूल के पीछे कालोनी में अपने ससुराल में निवास करता था। मृतक का भाई मोनू यादव के मुताबिक 3 सितंबर की सुबह 9 बजे कॉलोनी के युवकों ने राजधानी बार के सामने भाई की लाश पड़े होने की जानकारी दी। लोग पहुचे और शव का शिनाख्त किया। मृतक विवाहित है उसके दो बच्चे भी हैं। पत्नी परागा यादव हाउस वाइफ है। दिनेश फौजी नगर में स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। रविवार की रात घर से ड्यूटी जाने की बात कहकर निकला था। ड्यूटी न जाकर शराब पीने के लिए बार में बैठ गया था।

### उपेन्द्र को मिली पीएचडी की उपाधि

**भिलाई।** उपेन्द्र कुमार साहू ने डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय कोटा



बिलासपुर से पीएचडी की उपाधि हासिल की है। उनके शोध का विषय 'छत्तीसगढ़ राज्य के कृषि विकास में सहकारी बैंकों की भूमिका एवं कार्य प्रणाली का अध्ययन' दुर्ग जिले के विशेष संदर्भ में का अध्ययन था। उपेन्द्र कुमार साहू ने डॉ. राहुल शर्मा के निर्देशन में शोध कार्य पूर्ण किया।

## निधन

### अनिल जाधव

**भिलाई।** सेक्टर- 6 सी मार्केट, जाधव कुशान वर्क के संचालक



अनिल जाधव उम्र 62 वर्ष का निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा 2 सितंबर को 12 बजे उनके निवास स्थान क्वार्टर नं- 3/ए, स्ट्रीट- 12, सेक्टर-4 से रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली गई जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अशोक जाधव के भाई, मीना जाधव के पति एवं गौरी जाधव के पिता थे।

### शिव कुमार साहू

**भिलाई।** बोरसी भाठा दुर्ग निवासी शिव कुमार साहू उम्र 38 वर्ष का



आकस्मिक निधन 2 सितंबर को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार बोरसीभाठा मुक्तिधाम में किया गया। वे मानकी बाई के पुत्र, लता साहू के पति व नारायण, कान्हा के पिता और दिलीप कुमार, पवन कुमार, सुशील कुमार के भाई थे। शिवकुमार साहू के निधन पर समाचार पत्र विक्रेता संघ ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किए हैं।

### सरस्वती यादव

**भिलाई।** सेक्टर 2, सड़क 24, मकान नंबर 7 ए निवासी सरस्वती



यादव उम्र 52 वर्ष का निधन 2 सितंबर हो गया। उनका अंतिम संस्कार 3 सितंबर को दोपहर 12 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे वीरेंद्र कुमार यादव की पत्नी एवं रितेश यादव, डॉ. पायल यादव, काजल यादव की मां और लालमन यादव व राजू यादव की बहन थीं।

---

**आयोजन : पाटन में तहसील स्तरीय तीज मिलन समारोह**

# महिलाओं को समाज की मुख्य धारा में जोड़कर प्रतिभा को निखार रहे हैं: रमशीला

हरिभूमि न्यूज ▸▸|पाटन

**सांस्कृतिक प्रस्तुति से बांधा समां, प्रतिभागियों को समाज की ओर से दिया गया तीजा के लुगरा**







तहसील साहू संघ पाटन महिला प्रकोष्ठ के संयोजन में रविवार को तहसील स्तरीय तीज मिलन समारोह का आयोजन साहू सदन पाटन में आयोजित की गई। तहसील साहू संघ पाटन द्वारा सामाजिक एकता और छत्तीसगढ़ी संस्कृति, कला, खानपान को बढ़ावा देने के लिए अनेक आयोजन किया जाता है। साहू समाज की 10 हजार से अधिक की संख्या में उपस्थित महिलाओं द्वारा हरे रंग की साड़ी की वेशभूषा के साथ तीज मिलन समारोह में कुर्सी दौड़, फुगड़ी, रंगोली, व्यंजन की बगिया, तीज क्वीन समूह नृत्य, नाट्य प्रहसन में प्रतिभागी बनकर अपनी एकता और सांस्कृतिक कला से सामाजिक कुरुतियों को दूर करते हुए समाज में रचनात्मक कार्यों को बढ़ावा देने शानदार आयोजन किए। कार्यक्रम की शुरुआत समाज कृष्ण-कर्मा की आरती पूजा के साथ हुई।

तीज मिलन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रामशिला साहू ने तीज मिलन समारोह में बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति के लिए तहसील साहू संघ पाटन की प्रशंसा करते हुए कहा कि तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू द्वारा पाटन तहसील के सभी महिलाओं को समाज की मुख्य धारा में जोड़कर उनके प्रतिभा को निखारने का एक मंच प्रदान किया है। ऐसे आयोजन से महिलाओं को अपने विषय सोचने का समय मिलता है जो उन्हे सशक्त बना सकती है। कई सामाजिक कुरीतियां है जिसे महिलाओं द्वारा दूर किया जा सकता है।

प्रमुख अतिथि तरुणा साहू इंस्पेक्टर भारतीय रेलवे ने कहा कि समाज की महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर सामाजिक संगठन और एकता को मजबूत करने अपनी भागीदारी निभाएं। पाटन तहसील द्वारा माता बहनों को एक मंच में इकठ्ठा करना काबिले तारीफ है।

कार्यक्रम की अध्यक्ष महिला संयोजिका देवश्री साहू ने तीज मिलन का अर्थ बताते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम को जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू, शीखा साहू, दिव्या कलिहारी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक साहू जिला पंचायत सदस्य, मोनू साहू, चंद्रिका साहू ने भी संबोधित किया। स्वागत भाषण तहसील उपाध्यक्ष सरिता साहू ने दी। मंच संचालन कमलेश्वरी साहू व खेमलाल साहू ने किया, आभार प्रदर्शन गायत्री साहू ने की।


समाज के महिलाओ द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का स्टाल लगाया गया था। जिसमे अईरसा, ठेठरी, खुर्मी, चीला, फरा, कटवा, भजिया सहित अन्य छत्तीसगढ़ी व्यंजन बनाया गया था। उपस्थित सामाजिकजनों ने व्यंजनों का लुफ्त उठाया। सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवं सभी प्रतिभागियों को समाज के तरफ से प्रशंसा पत्र एवं तीजा के लुगरा प्रदान किया गया।

इस मौके पर पूरन साहू, गंगादीन साहू, धनराज साहू, महेंद्र साहू, दुलारी साहू, विमला साहू, भुनेश्वरी साहू, उषा साहू, चांदनी साहू, भूमिका गंजीर, तरुणा साहू, कोमिन साहू, गीता साहू, केवरा साहू, ललिता साहू, जागेश्वरी साहू, किशोर साहू, किशन हिरवानी, हरिशंकर साहू, डॉ. सुरेश साहू, रविशंकर साहू, दुलेश्वर साहू, कल्याण साहू, टेसराम साहू, गोपेश साहू, होमिन साहू, लालजी साहू, जागेश्वरी साहू, कौशल बनपेला, बलराम साहू, सोहन साहू, मूलचंद साहू, मनीष साहू, सुकदेव साहू, राजू साहू सहित आदि उपस्थित थे।

---

## अंचल व शहर की खबरें

### भरर शक्ति केंद्र स्तरीय बैठक आयोजित



**जामगांव आर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सदस्ता अभियान के तहत जिला एवं मंडल प्रभारीयों के मार्गदर्शन में शक्ति केन्द्र स्तरीय सदस्ता अभियान कार्यशाला भरर शक्ति केन्द्र में शक्ति केन्द्र प्रभारी अंगेश्वर साहू की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुई। मुख्यवक्ता शक्ति केंद्र प्रभारी अंगेश्वर साहू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शक्ति केंद्र स्तरीय सभी कार्यकर्ताओं को घर, मुहल्ले, बस स्टैंड, चौपाटी में जाकर भारतीय नागरिक आयु 18 वर्ष को संपर्क कर प्रत्येक बूथ में कम से कम 200 से अधिक प्राथमिक नए सदस्य बनाने की लक्ष्य प्रदान करने की बात कही। बैठक में अरूण चन्द्राकर बुथ अध्यक्ष, केशव साहू बुथ अध्यक्ष, द्रौण चंद्राकर सह संयोजक, माखनलाल साहू, सरोज साहू, शंकर साहू, दिनेश नागरिया, शुरेश धीवर, हेतराम चंद्राकर, महेन्द्र निर्मलकार सांसद प्रतिनिधि, गोवर्धन साहू, बहुर यादव, ललित पटवा, ऐमन साहू, मुरलीधर वैष्णव आदि उपस्थित थे।

### दो दुकानों का ताला टूटा, नकदी समेत सामान पार

**भिलाई।** दो दुकानों का ताला तोड़कर नगदी समेत सामान चोरी करने का मामला सामने आया है। घटना धमधा और भिलाई तीन थाना क्षेत्र का है। शिकायत के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि पंचशील नगर चरोदा में बाबा स्वीट्स के नाम से मिठाई दुकान है। 31 अगस्त की रात दुकान में ताला लगाकर संजय बंसल अपने घर जामुल निकल गया था। सुबह 9 बजे वापस मिठाई दुकान खोलने के लिए आया तो उनके दुकान का ताला टूटा पड़ा मिला। भीतर प्रवेश करने पर गल्ले में रखे 12 हजार रुपए और चाकलेट गायब मिला। दूसरी चोरी धमधा थाना क्षेत्र की है। जहां से फल दुकान एवं होटल बसनी चौक धमधा दीपक निषाद संचालित करता है। फल दुकान व होटल में अज्ञात ने ताला तोड़कर सामान पार कर फरार हो गया। घटना में होटल में रखे इंडक्शन,लोहा के पेटी से 1000 नगद, गुटखा, सिगरेट गयाब मिला।

### फायनेंस कंपनी के कर्मियों का मोबाइल, पर्स छिनकर फरार

**भिलाई।** फायनेंस कंपनी के दो युवकों से तीन बदमाशों ने मोबाइल और पर्स छीनकर फरार हो गए। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 304 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर निवासी त्रिलोक साहू फायनेंस कंपनी कर्मी अपने दोस्त ईश्वर श्रीवास के साथ रायपुर से काम कर घर लौट रहा था। इस दौरान रात 12.30 बजे डेरा बस्ती शिव मंदिर के पास सुपेला से निकलने पर तीन युवकों ने उन्हें घेर लिया। आरोपी युवकों ने पीड़ित से हाथ से मोबाइल और ईश्वर के जेब से पर्स छीनकर भाग निकले।

### राज्यपाल आज भिलाई में, समारोह में होंगे शामिल

**भिलाई।** राज्यपाल रमेन डेका 3 सितम्बर को भिलाई प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिकरत करेंगे। राज्यपाल दोपहर 3.15 बजे सड़क मार्ग से राजभवन रायपुर से प्रस्थान कर शाम 4 बजे चौहान इम्पेरियन होटल रिसार्ट पुष्पक नगर पहुंचेंगे। वे यहां पर शिक्षक सम्मान समारोह में शिरकत करेंगे। शाम साढ़े 4 बजे सड़क मार्ग से रायपुर लौटेंगे।

### विधायक देवेंद्र के सचिव बनने पर युवाओं में हर्ष



**भिलाई।** विधायक देवेन्द्र यादव को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और बिहार का प्रभारी बनाए जाने पर कांग्रेसियों ने जनता के बीच जाकर मिठाई वितरण किया। आतिशबाजी कर अपने देवेंद्र यादव को शुभकमनाएं दी। महिला कांग्रेस महासचिव श्वेता मिश्रा समेत उनकी टीम ने नियुक्ति पर राहुल गांधी का आभार जताया है। इस दौरान स्वेता मिश्रा और ब्लॉक प्रभारी सौरभ मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस ही युवाओं को आगे बढ़ने का मौका देती है। विधायक यादव को प्रभार मिलने से इस्पात नगरी के युवाओं में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर नियुब सिंह, मनोज प्रधान, संजू, प्रधान, अमन, यश मौजूद थे।

### मैथिल ब्राह्मण महिला समाज का हरतालिका मिलन

**भिलाई।** मैथिल ब्राह्मण महिला समाज द्वारा न्यू खुर्सीपार में हरतालिका तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जया झा के निवास पर सामाजिक समरसता और उल्लास के वातावरण में आयोजित इस आयोजन मे पारंपरिक त्योहार के सेलिब्रेशन की खुशबू बिखरी। सभी ने एक दूसरे को तीजा और पोला के पर्व की शुभकामनाएं दीं। जया झा ने सभी महिलाओं को सोहाग की सामग्रियां भेंट कीं। सभी ने इस लोक पर्व के महत्व और समय के साथ आ रहे बदलाव पर चर्चा करते हुए एक त्योहार की खुशियां बांटीं। इस अवसर पर गीत संगीत और गेम्स का भी लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में,जया झा, ललिता चौधरी,पद्मा झा,अंजलि ठाकुर, सुषमा झा, राजश्री झा, विद्या ठाकुर आदि सदस्य उपस्थित थे।



---

### जय हनुमान व्यायाम शाला को मिली नई शोल्डर प्रेस मशीन





हरिभूमि न्यूज ▸▸|कुम्हारी

बीते दिनों दुर्ग में आयोजित बैंच प्रेस प्रतियोगिता में जय हनुमान व्यायाम शाला के खिलाड़ियों ने जो शानदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक प्राप्त कर नगर का गौरव बढ़ाया उन चारों खिलाड़ियों मोंचू, विवेक शाह, नितिन साहू, प्रवीण को लोकेश साहू नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद कुम्हारी और राजू निषाद भाजपा मंडल अध्यक्ष कुम्हारी द्वारा विजेता खिलाड़ियों को बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही दोनों युवा नेताओं ने जय हनुमान व्यायामशाला के खिलाड़ियो के लिए नई शोल्डर प्रेस मशीन उपलब्ध कराई साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर चयनित हुए खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई। जिम के सदस्यों ने दोनों युवा नेताओं का आभार व्यक्त कर उन्हें धन्यवाद किया। लोकेश साहू ने इस मौके पर खिलाड़ियों को शासन प्रशासन द्वारा हर संभव मदद दिलवाने का आश्वासन दिया साथ ही खेल को खेल की तरह ही खेलें इसमें कोई राजनीति न होने की बात भी कहीं।

## युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर रोक लगाने के फैसले का प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▸▸|सेलूद

छत्तीसगढ़ सरकार ने स्कूलों और शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण पर बड़ा फैसला लेते हुए युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर रोक लगाने का जो निर्णय लिया है उसका प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय संयोजक ललित कुमार बिजौरा ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रति आभार जताया है। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय संयोजक एवं छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय सह-प्रवक्ता ललित कुमार बिजौरा ने बताया कि राज्य शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण का जैसे ही फरमान जारी किया गया पूरे प्रदेश भर के शिक्षकों में इस विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को लेकर काफी आक्रोश व्याप्त था और अलग-अलग शैक्षिक संगठन अपने अपने स्तर पर विरोध करना शुरू किए एवं युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया को रद्द करने की मांग भी किये। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने शिक्षकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए त्वरित इसे संज्ञान में लेते हुए विगत 24 अगस्त को पूरे प्रदेश भर के शैक्षिक संगठनों की बैठक बुलाकर सभी को एकजुट करते हुए 27 अगस्त को प्रमुख सचिव, शिक्षा सचिव, संचालक लोक शिक्षण संचालनालय से मुलाकात कर युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर रोक लगाने की मांग को प्रमुखता के साथ उठाया। फेडरेशन के दबाव के चलते 28 अगस्त को सचिव स्तरीय वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया जिसमें छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने विसंगतिपूर्ण युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने एवं शिक्षकों की भावनाओं का सम्मान करते हुए, छात्र हित, शिक्षक हित, समाज हित में उचित निर्णय लेने बिंदुवार अपनी बात प्रमुखता के साथ रखा तथा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाए जाने पर 16 सितंबर को प्रदेश व्यापी आंदोलन करने की चेतावनी दी। शासन स्तर पर शैक्षिक संगठनों की एकजुटता को देखते हुए और छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के दबाव के चलते आखिर शासन को 29 अगस्त को युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाना पड़ा। शासन द्वारा युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाए जाने संबंधी फैसले का प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रांतीय संयोजक ललित कुमार बिजौरा, जैनेंद्र गंजीर, विनोद सिन्हा, अनेश्वर चंद्राकर, प्रवीण कुमार सिंग, राकेश सोनी, बद्री प्रसाद चंद्राकर, मिश्री लाल सोनवानी, वेदनारायण चंद्राकर, रूपेश साहू ने स्वागत किया है व मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताया है।



■ मुख्यमंत्री विष्णुदेव और फेडरेशन के प्रति जताया आभार

### भाजपा सरकार जनता से किये वादे कर रही पूरा: ईश्वर



**धमधा।** साजा विधायक ईश्वर साहू पोला महोत्सव कार्यक्रम ग्राम मडियापार पहुँचे। सर्वप्रथम उन्होंने कबड्डी प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त किया फिर कबड्डी खेल का आनन्द लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक साहू ने कहा कि हमारे देश एवं प्रदेश की सरकार जनता से किये वादे को पूरा कर रही हैं। किसानों से प्रति एकड 21 क्विंटल धान खरीदी एवं 3100 की दर से धान का पैसा विष्णुदेव सरकार कर रही है। 2 साल का बोनस एवं महतारी वंदन योजना से महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपये हमारी विष्णु सरकार कर रही है। भाजपा सरकार जो कहती है कर के दिखाती है। इस अवसर पर सुनील साहू, बोरी भाजपा मंडल अध्यक्ष कृष्णा पटेल, पवन शर्मा, अजय उमरे, अरविन्द पटेल, नीलांबर साहू, सूरज पटेल, साजन ताम्रकार सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य के प्रति जन जागरुकता का संदेश देना हमारा उद्देश्य: टिकेश्वरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸|अंडा



■ चिंगरी में डस्टबीन का किया वितरण

ग्राम चिंगरी में डस्टबीन का वितरण किया गया जिसमें स्वच्छता का संदेश एवं स्वास्थ्य के प्रति जन जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से टिकेश्वरी लाल देशमुख, क्षेत्रीय जनपद सदस्य एवं सभापति जनपद पंचायत दुर्ग द्वारा ग्राम चिंगरी में अपने निधि से प्रत्येक घरों में डस्टबीन का वितरण किया गया। देशमुख ने कहा कि स्वच्छ भारत निर्माण में आप सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो एवं स्वयं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना आवश्यक हैं, चूंकि अस्वस्थ ही मूल बीमारी का जड हैं, स्वच्छ रहकर हम बीमारी से दूर रह सकते हैं। इस संकल्प के साथ हमे आगे बढना होगा। इस अवसर पर सरपंच पुष्पा देवी देशमुख ने स्वच्छता के पीछे जागरूक होना का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्रामीण जन वार्ड पंचों में नरोत्तम निर्मलकर, भूषण देशमुख, मोखन लाल साहू, महेश्वरी देशमुख, सुखबती ढीमर, गुनिता साहू, विजयलक्ष्मी साहू की उपस्थिति में ग्रामीणों को प्रदान किया। ग्रामीणों में अनिता निर्मलकर, देवबती निर्मलकर, गीता निर्मलकर, दुलेश्वरी निर्मलकर, विमला ढीमर, गायत्री ढीमर, मीना ढीमर, कुमारी बाई साहू, सविता साहू आदि को प्रदान किया गया।

## बिजनेस साइट

### आटोइम्यून के लिए होम्योपैथी चिकित्सा कारगर

**भिलाई।** डॉ. संजय मनवानी ने कहा कि आज पूरे भारत में आटोइम्यून बीमारियां बढ़ती जा रही है। हमारे शरीर के लगभग सभी सिस्टम त्वचा, जोड़, लीवर, स्नायविक तंत्र, श्वसन तंत्र से लेकर पूरे शरीर की फिजियोलॉजी ही प्रभावित हो जाती है। आटोइम्यून बीमारी का प्रकोप खासकर हार्मोनल सिस्टम से सबसे एवं ज्वलंत है। इसका उदाहण थायराइड एवं इंसुलिन डिपेन्डेंट डायबिटिज है। आटोइम्यूनिटी के केस में बीमार व्यक्ति की शरीर की प्रतिरोधक क्षमता स्वयं ही शरीर की फिजियोलॉजी के विरूद्ध काम करने लग जाती है और हमारे रक्त में अपने खुद के सहायक कोशिकाओं को पहचानने की क्षमता खत्म हो जाती है और रक्त में एन्टीबाडिस बनना शुरू हो जाती है। डॉ. मनवानी ने कहा कि एलोपैथी में इसके लिये स्टेराइजस पर निर्भर होना पड़ता है। आटोइम्यून बीमारियों कि जड़ को समझने की कोशिश करे तो हमें इसका मुख्य कारण हमारे अवचेतन मन में होता है। यदि सही होम्योपैथिक दवा का चयन कर उसके नियमित कोर्स से टोइम्यून डिसआईन में बीमारियों को पूरी तरह से नियंत्रित किया जा सकता है। इसमें एलर्जिक बीमारियां, एक्जिमा, में सोरिएसिस, न्यूरोडिजनेरेटिव, रुमेटिक आर्थराइटिस, सिस्टमिक ल्युपस इरिथमेसस, क्रानिक लंग डिसिस, न्युरोपैथिस, एडिसन्स डिसिस, एनक्यालोजिंग स्पौन्डोलोसिस, डन्जियोइडिमा सहित 200 से ज्यादा बीमारियां है जो आटोइम्यून डिसिस के अंतर्गत आती है।



### अमर शहीद दुर्वासा लाल का शहादत समारोह कल

**अंडा।** समस्त ग्रामवासी देवरी ख के तत्वावधान में अमर शहीद दुर्वासा



लाल निषाद का 26 वां शहादत समारोह 4 सितम्बर देवरी ख में रखा गया हैं। जिसमें सुबह 8 बजे शांति पाठ, श्रध्दांजलि, सांस्कृतिक कार्यक्रम दोपहर 11 बजे अतिथि आगमन , गोंड ऑफ आनर शहीद के परिजनों का अभिनंदन, मेधावी छात्र सम्मान, शिक्षक सम्मान, वरिष्ठ नागरिक सम्मान, वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान, शहीद के गौरवगान सहित आदि कार्यक्रम होंगे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130


शिक्षक सम्मान समारोह
वैशाली नगर विधानसभा
3 सितंबर 2024
समय - दोपहर 3 बजे से
स्थान - होटल इम्पेरियन रेसार्ट, पुष्पक नगर, बायपास रोड, जुनवानी
मुख्य अतिथि
माननीय रमेन डेका जी
राज्यपाल छत्तीसगढ़
अध्यक्षता
मान. डॉ. रमन सिंह जी
विधानसभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़
विशेष अतिथि
मान. अरूण साव जी
उप मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़
विधायक, वैशाली नगर विधानसभा रिकेश सेन

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, मंगलवार 3 सितंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129



02



ब्राह्मण समाज के 47 प्रतिभावान बच्चे हुए...


लाइव इवेंट

## जवाहर नगर में कल से शिव पुराण, निकलेगी कलश यात्रा

**दुर्ग।** जवाहर नगर में 4 से 8 सितंबर तक शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में भगवताचार्य बेरला वाले पं. घनश्याम द्विवेदी कथा व्यास होंगे। जवाहर नगर में भोले भंडारी आशुतोष नीलकंठ की असीम कृपा से यह शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा हर दिन दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे के मध्य होगी। पहले दिन 4 सितंबर को कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी। वेदी और व्यास पूजन के साथ शिव महापुराण की कथा प्रारंभ होगी। 5 सितंबर को शिव महापुराण का परिचय, लिंग उत्पत्ति, भस्म, रूद्राक्ष महिला, शिव पूजन विधि, नारद मोह, सृष्टि वर्ण की कथा होगी। 6 सितंबर को सती चरित्र, पार्वती जन्म, शिव विवाह कथा होगी। 7 सितंबर को कार्तिकेय जन्म, गणेश जन्म, अंधक उत्पत्ति, बाणासुर प्रसंद की कथा होगी। रविवार 8 सितंबर को शिवरात्रि महिला, नरक वर्णन, द्वादश ज्योतिर्लिंग उत्पत्ति, पंचाक्षर मंत्र महिमा, बेल पत्र वर्षा, चढोत्तरी, हवन, पूर्णाहुति के साथ महा प्रसादी का वितरण होगा। आयोजन दीनानाथ वर्मा और नर्मदा वर्मा द्वारा किया जा रहा है। इसमें भगवान शिव के सभी भक्तों को आमंत्रित किया गया है।

सिटी इवेंट

## शिक्षक सम्मान समारोह आज राज्यपाल रमेन डेका होंगे शामिल



**भिलाई।** वैशाली नगर विधानसभा के सभी शासकीय और निजी विद्यालयों के शिक्षकों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन 3 सितंबर को किया गया है। आयोजन में राज्यपाल रमेन डेका प्रमुख रूप से शामिल होंगे। उनके अलावा स्पीकर डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित अन्य मौजूद रहेंगे। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने उन्हें आयोजन के लिए आमंत्रित किया। रिकेश ने राज्यपाल को अवगत कराया कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के शासकीय और निजी स्कूल के 3200 से अधिक शिक्षकों का शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर सम्मान होने जा रहा है। होटल इम्पेरियन पुष्पक नगर बायपास रोड जुनवानी में कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है।

सिटी इवेंट

## शिक्षकों का हुआ सम्मान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए



**भिलाई।** सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों को सम्मानित किया गया। धमधा नाका टोल प्लाजा के करीब मनोज राजपूत ले आउट्स परिसर में आयोजित कार्यक्रम में उनके सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दावा किया गया कि इस दौरान 1 हजार से ज्यादा शिक्षक सम्मानित हुए। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सहायक संचालक अमित घोष, उपसंचालक प्रवास बघेल, सर्टिफाइड पैरेंटिंग कोच चिरंजीव जैन, चेंबर ऑफ कामर्स के अजय भसीन, डिप्टी कमिश्नर पदुमलाल यादव सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। मनोज राजपूत ने कहा कि वे एक व्यापारी ही नहीं हैं, बल्कि एक समाजसेवक भी हैं। इस अवसर पर डॉल्फिन ग्रुप की प्रस्तुति और गणेश वंदना के साथ नृत्य-संगीत क आयोजन किया गया। इस दौरान कई रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनिमेष, अंजनी, रिषभ, और आंचल ने लाइव प्रसारण किया, जिसने समारोह में एक उत्साहपूर्ण माहौल प्रदान किया। शिक्षक नागेंद्र प्रजापति ने मंच में आकर गांव के जीरो शहर में हीरो फिल्म की तारीफ की।वैशाली नगर विधानसभा के सभी शासकीय और निजी विद्यालयों के शिक्षकों के सम्मान में सम्मान समारोह का आयोजन 3 सितंबर को किया गया है। आयोजन में राज्यपाल रमेन डेका प्रमुख रूप से शामिल होंगे। उनके अलावा स्पीकर डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव सहित अन्य मौजूद रहेंगे। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने उन्हें आयोजन के लिए आमंत्रित किया। रिकेश ने राज्यपाल को अवगत कराया कि वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के शासकीय और निजी स्कूल के 3200 से अधिक शिक्षकों का शिक्षक दिवस की पूर्व संध्या पर सम्मान होने जा रहा है। होटल इम्पेरियन पुष्पक नगर बायपास रोड जुनवानी में कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है।

● पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल, छत्तीसगढ़ी गीत-संगीत ने मनमोहा, कार्यक्रम तीन दिनों तक चला

# 61 साल पुराना मड़ियापार का पोला उत्सव, इस बार 100 से ज्यादा सजे-धजे बैलों ने लगाई दौड़

**दुर्ग।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैल दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। शास्त्री नवयुवक मंडल मड़ियापार, छत्तीसगढ़ संस्कृति विभाग और छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के संयुक्त तत्वावधान में इस महोत्सव का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ की पुरातन संस्कृति एवं पारम्परिक खेलों का संगम प्रदर्शित किया गया। साय ने पोला तिहार की बधाई देते हुए कहा कि बैल दौड़ सुनने को मिला था, आज यहां पर महोत्सव के दौरान पर पहली बार बैल दौड़ देखने का सुअवसर मिला। उन्होंने कहा कि पोला तिहार किसानों का सबसे बड़ा त्योहार है। यह हमारे जीवन में खेती किसानी और पशुधन का महत्व बताता है। इस दिन घरों में उत्साह से नादिया बैला और जाता पोरा की पूजा कर अच्छी फसल और घर को धन धान्य से परिपुण्य होने के लिए प्रार्थना की जाती है। यह छत्तीसगढ़ की परम्परा, संस्कृति और लोक जीवन की गहराइयों से जुड़ा पर्व है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए राज्य में 13 लाख किसानों को धान का दो वर्ष के बकाया बोनस के रूप में 3716 करोड़ का भुगतान किया गया है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी गई है। तेन्दूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक 4 हजार से बढ़ाकर 5 हजार 500 रुपए प्रति मानक प्रति बोरा किया गया है। उन्होंने पोला महोत्सव कार्यक्रम स्थल पर डोम निर्माण, मड़ियापार में सामुदायिक भवन निर्माण, पोला महोत्सव आयोजन के लिए प्रति वर्ष 5 लाख रुपए तथा ग्राम लिटिया में जिला सहकारी बैंक शाखा खोलने की घोषणा की। इस अवसर पर पूर्व विधायक जागेश्वर साहू, लाभचंद बाफना, अवधेश सिंह चंदेल, संभाग आयुक्त एसएन राठौर, आईजी आरजी गर्ग, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी, एसपी जितेन्द्र शुक्ला सहित अन्य मौजूद थे।



### बैल दौड़ के अलावा कबड्डी प्रतियोगिता हुई

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन पोला महोत्सव की तीन दिवसीय आयोजन किया गया। इस अवसर पर बैल दौड़ के अलावा बैल सजावट, कबड्डी, गेड़ी रेस, रस्सी खींच, फुगड़ी, सुआ नृत्य, कुर्सी दौड़ व धीमी साइकिल दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इसके अलावा महोत्सव में उत्कृष्ट कार्य करने वाले किसानों, महिलाओं व युवाओं को विविध सम्मानों से नवाजा जाएगा। प्रसिद्ध लोक कलाकारों ने रंगारंग छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में प्रदेशभर से कबड्डी टीमों ने भाग लिया। आयोजन में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष किरण सिंह देव, सांसद विजय बघेल, साजा विधायक ईश्वर साहू सहित अन्य प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।





### मड़ियापार आज प्रदेश की पहचान बन चुका, प्रेम-सद्भावना का संगम

सांसद विजय बघेल ने कहा कि पोला महोत्सव से मड़ियापार को प्रदेश में पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में बहुत से तीज त्योहार होते आ रहे है। इन त्योहारों से यहां प्रेम और सद्भावना बढ़ी है। उन्होंने पोला त्योहार की सभी को शुभकामनाएं दी। विधायक जगदलपुर किरण सिंह देव ने कहा कि ऐसा अद्भुत आयोजन और कही नहीं होता। यह प्रतियोगिता और अच्छे ढंग से हो तो गांव को देश में पहचान मिलेगी। विधायक ईश्वर साहू ने आम जनता को तीजा पोरा तिहार की बधाई दी। आयोजन समिति की ओर से डॉ. सुनील साहू ने ने बताया कि 61 वर्षों से मड़ियापार ग्राम में पोला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

## पूजा यादव बनीं तीज क्वीन, कुर्सी दौड़ में गीता साहू ने मारी बाजी

**दुर्ग।** न्यू आदर्श नगर की महिलाओं ने तीज उत्सव मनाया। इस दौरान मजेदार गेम्स के आयोजन किए गए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति भी हुई। महिलाओं के इस कार्यक्रम में तीज क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें पूजा यादव विजेता रहीं। दूसरे नंबर पर मीनू मिन्ड रहीं। इस अवसर पर मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया, जिसमें कॉलोनी की महिलाओं ने अपना परिचय भी दिया। इसके अलावा कई मजेदार प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें कुर्सी दौड़ में गीता साहू प्रथम रहीं। उनके अलावा तीमेश साहू, नेहा भदोरिया ने



भी जीत हासिल की। आयोजन ब्यूटी एक्सपर्ट अर्चना वर्मा और डॉ. अर्चना शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से लक्की शर्मा, बिंदु सोनी, रोजलीना, वीणा चंद्राकर, ममता, संध्या, रंजीता, मीनू, अनामिका सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। आयोजन के दौरान गीत-संगीत का भी कार्यक्रम हुआ। इसमें महिलाओं ने गीत गाए। कुछ महिलाओं ने नृत्य की प्रस्तुति दी। कुछ ने शेरो-शायरी और कविता सुनाई। कुछ महिलाओं ने अपने जिंदगी के अनुभवों से रूबरू कराया। आयोजक अर्चना वर्मा ने बताया कि न्यू आदर्श नगर में प्रतिवर्ष तीज मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है।

## परिवार में सुई की तरह जोड़ने का काम करें, कैंची करती है सिर्फ काटने का काम




**दुर्ग।** पर्यूषण के दूसरे दिवस धर्मसभा पारिवारिक रिश्तों पर केंद्रित रही। महिलाएं रानी रंग की साड़ी पहनकर धर्मसभा में पहुंची। पुरुष सफेद परिधान में नजर आए। साध्वी शुभ मंगल प्रभा ने कैसा हो अपना परिवार विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि परिवार चार तरह के होते हैं। संयुक्त, संयुक्त विभक्त, विभक्त संयुक्त, विभक्त। संयुक्त परिवार में एक साथ रहना, खाना-पीना, सुख-दुख बांटना होता है। संयुक्त विभक्त परिवार के सदस्य साथ तो रहते हैं, पर आपसी मन, वचन मेल नहीं खाते हैं। विभक्त संयुक्त परिवार अलग-अलग रहते हुए भी समय-समय पर एक साथ हिल मिलकर रहते हैं। विभक्त मतलब सब अलग-अलग होता है। साध्वी सुमंगल प्रभा ने उदाहरण देकर अपनी बातों को स्पष्ट किया। साध्वी ने कहा कि परिवार में हमें चार चीजों को कभी नहीं छोड़ना चाहिए।

पाटन के गोविंदा उत्सव : पूर्व सीएम भूपेश व सांसद विजय कार्यक्रम में हुए शामिल

# हाथी-घोड़ा-पालकी जय कन्हैया लाल की, दही-लूट में पंचमुखी विजेता, कृष्ण-बलदाऊ, बाल गोपाल उपविजेता

कार्नर न्यूज

भिलाई-पाटन/पाटन के नया बस स्टैंड स्थित गौठान मंच प्रांगण में गोविंदा उत्सव मनाया गया। आयोजन में दही-लूट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान पूरे समय हाथी-घोड़ा-पालकी जय कन्हैया लाल की आवाज गूंजमान रही। छत्तीसगढ़ कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में सांसद विजय बघेल शामिल हुए। समापन समारोह में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पहुंचे, उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया और प्रतिभावान टीमों को सम्मानित किया। आयोजित प्रतियोगिता में घंटों की मेहनत के बाद ग्राम सांकरा धमतरी की टीम पंचमुखी गोविंदा विजेता रही। उसने 21 हजार रुपए का नगद पुरस्कार और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। दूसरे नंबर कृष्ण बलदाऊ दही टीम दुर्ग रही।



### प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

उसे 11 हजार रुपए नगद और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार तीसरे नंबर बाल गोपाल गोविंदा की टीम रही, उसे 5 हजार रुपए नगद और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।



### भूपेश ने मंच निर्माण के लिए दिए 10 लाख रुपए

पाटन में आयोजन का यह दूसरा वर्ष रहा। गौठान मंच प्रांगण आजाद चौक पाटन में उद्घाटन समारोह मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री व पाटन विधायक भूपेश बघेल थे। उन्होंने राधा कृष्ण की आदमकद प्रतिमा की विधि विधान से पूजा अर्चना की। इसके बाद सभी यादवों सहित पाटन की जनता को श्री कृष्ण जन्मोत्सव की बधाई दी। यादव समाज के पुरोधा स्व. लक्ष्मण लाल यद्धु, स्व. नारायण राउत, स्व. तेजराम कृपाण (यादव) की प्रतिमा स्थापित करने मंच निर्माण के लिए 10 लाख रुपए दिए जाने की घोषणा की। आयोजित प्रतियोगिता में 9 टीमों ने भाग लिया। इसमें 5 युवा और 4 बाल गोपालों की टीम थी।

### सांसद विजय ने सामुदायिक भवन के लिए 10 लाख देने की घोषणा की



पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। उन्होंने विजेताओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर सांत्वना पुरस्कार भी प्रदान किया गया। समाज प्रमुखों ने वार्षिक गोविंदा महोत्सव के लिए छत्तीसगढ़ राज्य सरकार से 3 लाख रुपए अनुदान की मांग की। साथ यादव सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रुपए की मांग रखी। सांसद ने इसे सहर्ष स्वीकृति प्रदान की। आयोजित कार्यक्रम में कोसरिया अहीर यादव सेवा समाज के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष यादव, गहिरा गुरु राजेश यादव, सचिव उमराव यादव, अध्यक्ष विजय यादव, राधेलाल यादव, गोवर्धन यादव, संदीप यादव, कन्हैया यादव, ललित यादव, विष्णु यादव, ईश्वरीय यादव, योगेश यादव, दिलीप यादव, गजानंद यादव सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे।

## सिटी इवेंट

# जिस घर में हवन व शुभकर्म नहीं होते वह श्मशान के समान





■ शक्ति नगर दुर्ग में हुआ कार्यक्रम, बताया अच्छी संगति जीवन का आधार

**भिलाई।** आर्य समाज का वेद प्रचार कार्यक्रम शक्ति नगर दुर्ग में किया गया। यज्ञ के दौरान कैलाश देवांगन एवं खेबीन बाई यजमान बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ अजय आर्य ने कहा कि चाणक्य का कहना था कि जिन घरों में ब्राह्मणों का आदर-सत्कार नहीं होता, जहां वेद आदि शास्त्रों की ध्वनि नहीं गूंजती, जिस घर में अग्निहोत्र यानी हवन आदि शुभकर्म नहीं होते हैं, उसे श्मशान के समान समझना चाहिए। वह घर मुर्दों का निवास स्थान ही माना जाएगा। वहां जीवनी शक्ति नहीं होती। मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन उसमें बसने वाला आलस्य हैं। मनुष्य का सबसे बड़ा मित्र उसका परिश्रम हैं, जो हमेशा उसके साथ रहता हैं इसलिए वह दुखी नहीं रहता। अच्छी संगति जीवन का आधार हैं अगर अच्छे मित्र साथ हैं तो मूर्ख भी ज्ञानी बन जाता हैं। झूठ बोलने वाला सच बोलने लगता हैं, अच्छी संगति से मान प्रतिष्ठा बढ़ती हैं, पापी दोषमुक्त हो जाता है, उसका मिजाज खुश रहने लगता हैं और यश सभी दिशाओं में फैलता है। आचार्य दिलीप आर्य ने मंत्रों का उच्चारण करते हुए कहा कि चंदन को संसार में सबसे शीतल लेप माना गया हैं, लेकिन कहते हैं चंद्रमा उससे भी ज्यादा शीतलता देता हैं। इन सबके अलावा अच्छे मित्रों का साथ सबसे अधिक शीतलता और शांति देने वाला होता है। यात्रा के समय व्यक्ति का ज्ञान और घर में पत्नी एक मित्र की तरह साथ देती है। बीमारी के समय दवाएं साथ निभाती हैं अंत समय में धर्म सबसे बड़ा मित्र होता हैं। कार्यक्रम के अंत में शक्ति नगर के सभी निवासियों द्वारा यज्ञ में आहुति दी।

● ब्राम्हण खुद जागरूक होकर समाज को संगठित करने निभाए अपना दायित्वः प्रेमप्रकाश

# ब्राह्मण समाज के 47 प्रतिभावान बच्चे हुए सम्मानित, शिवतांडव व श्लोक की दी प्रस्तुति

**भिलाई।** ब्राह्मणों को ज्ञान का प्रतीक माना गया है, इतिहास गवाह है कि ब्राह्मणों ने संकट की स्थिति में राष्ट्र को बचाने के लिए आगे आकर कार्य किया है और बलिदान देकर राष्ट्र की रक्षा भी की है। ब्राह्मण समाज के ही कई लोगो ने अन्य समाज के विकास के लिए कार्य किया है और सहयोग भी किया है। ब्राम्हण अपने अलावा अन्य समाज की भी चिंता करता है। हमें अन्य समाज को भी ज्ञान से परिपूर्ण करना है। ब्राम्हण को खुद जागरूक रहते हुए समाज को संगठित और सशक्त माध्यम बनकर अपना दायित्व निभाते हुए आगे बढ़ना है।

ब्राम्हण समाज को संबोधित करते हुए यह ओजपूर्ण बातें पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे ने ब्राम्हण समाज के सम्मान समारोह के दौरान कहा। सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा समाज के प्रतिभावान बच्चें व सभी आयु वर्ग के लोगो का सम्मान समारोह स्वामी विवेकानंद सभा गृह स्मृति नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडे, पद्मश्री कवि सुरेन्द्र दुबे, स्मृति नगर गृह निर्माण समिति अध्यक्ष राजीव चौबे उपस्थित थे। इस दौरान समाज के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। समाज के होनहार बच्चों और उत्कृष्ट कार्य कर समाज में विशिष्ट पहचान बनाने वाले सभी आयु वर्ग के लोगो को शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात संस्कृत श्लोक उच्चारण के साथ भगवान ब्रह्मदेव की पूजा अर्चना कर की गई। शिव तांडव स्तोत्र पाठ की स्तुति एवं हनुमान चालीसा का पाठ अनंत मिश्रा दवरा किया गया। इस अवसर पर 47 बच्चों, 10 पत्रकारों सहित लगभग 7 करोड़ बार राम नाम लिखकर कई महान हस्तियों के चित्र राम नाम पर उकेरने वाले चित्रकार ललित दुबे को सम्मानित किया गया।




**इनकी रही उपस्थितिः** कार्यक्रम में एनपी मिश्रा, चंद्रशेखर पांडे, सुभाष चंद्र तिवारी, रविंद्र शुक्ला, शंकर चरण पांडे, कैलाश पाठक, राजेंद्र दुबे, संजय मिश्रा, सुबोध पांडे, विजय शुक्ला, केडी त्रिपाठी, दिनेश मिश्रा, सुनील मिश्रा, विजय नारायण द्विवेदी, जेएन तिवारी, प्रदीप पांडे, नागेंद्र पांडे, अखिलेश त्रिपाठी, प्रीति राहुल दुबे, शशि प्रभा मिश्रा, रुक्मणि मिश्रा, कनक मिश्रा, रीता शर्मा, स्वरूप लता पांडे, लालिमा तिवारी, एकता मिश्रा, रीना दुबे, अंजू तिवारी, प्रतिमा तिवारी, विमला मिश्रा, किरण दुबे, अन्नू पांडे, रश्मि दुबे, अनीता पांडे, ममता मिश्रा, मीना त्रिपाठी, रेखा शर्मा, मंजू पांडे, आशा शर्मा, प्रभा चौबे, वीना दुबे सहित समस्त सरयूपारीण ब्राह्मण समाज के पधाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, समाजिक जन परिवार सहित उपस्थित थे।

### कविता के माध्यम से दी शुभकामनाएं

कार्यक्रम में समाज अध्यक्ष प्रभुनाथ मिश्रा द्वारा स्वागत भाषण देते हुए सभी को शुभकामनाएं दी। पद्मश्री कवि सुरेन्द्र दुबे ने भी संबोधित करते हुए कहा कि समाज द्वारा अपने बच्चो को लेकर उत्साहित करने वाला यह कार्यक्रम करना सराहनीय है, उन्होंने अपनी हास्य कविता के माध्यम से ब्राह्मण समाज के बारे में अपनी शानदार कविता प्रस्तुत की और सम सामयिक विषयों पर पर अपनी बात रखते हुए हास्य कविता से उपस्थित जनों को काफी हंसाया। स्मृति नगर गृह निर्माण समिति अध्यक्ष राजीव चौबे ने उच्च अंक प्राप्त करने वाले सभी बच्चों को जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी।

### ब्राह्मण समाज सकारात्मक सोच के साथ कार्य कर बढ़े आगे

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधान सभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडे ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह बच्चे हमारे समाज की बहुमूल्य पूंजी है। इनके आगे बढ़ने से समाज गौरवान्वित महसूस करेगा। ब्राह्मण समाज सदैव सकारात्मक सोच के साथ कार्य करते चले आ रहा है। श्री पांडेय ने बच्चों को समय की मांग को देखते हुए नई तकनीक पर आधारित शिक्षा पर ध्यान देने की बातें कहीं। उन्होंने सभी सम्मानित बच्चों व उत्कृष्ट कार्य कर समाज में पहचान बनाने वालो को शुभकामनाएं दी।वरिष्ठ उपाध्यक्ष नागेंद्र पांडे, महासचिव रामलखन मिश्रा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम संचालन सुनील मिश्रा व आभार प्रदर्शन विष्णु पाठक ने किया।





## आयोजन

# सबसे कम समय में मटका फोड़कर विद्यार्थी बने विजेता



■ भारती विश्वविद्यालय में हुआ आयोजन

**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग में विद्यार्थियों के लिए मटकाफोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सबसे कम समय में मटका फोड़ने वालों को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में सभी विद्यार्थियो ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के भारती विश्वविद्यालय के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर प्रभजोत सिंग भुई, डीन अकादमिक डॉ. आलोक भट्ट, प्रिंसिपल प्रो. डी.सी. परसाई और कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार उपस्थित थे। डॉ. आलोक भट्ट और प्रो डीसी परसाई द्वारा मटका फोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस प्रतियोगिता में सभी विभागों के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। प्रतिभागी विद्यार्थियों में श्रेया जैन, दुर्गा, ज्ञानी साहू, विनय केकटे, जया जैन, सौरभ, रक्षा, हर्ष साहू, काजल वर्मा, शुभम साहू, हेमवरण हिरवानी ने सबसे कम समय में मटका फोड़ा। संयोजक छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. स्वाती पाण्डेय, डॉ. हुल्लास चैहान, विभा चन्द्राकर, डॉ. शोभा सिंह राजपूत, श्वेता सिंह, पूजा सिंह ठाकुर थीं। भारती विश्वविद्यालय के ज्वाइंट डायरेक्टर जय चन्द्राकर ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए भविष्य में इस तरह के और भी कार्यक्रम आयोजित करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के प्राध्यापक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## चेंबर का आयोजन

# विकसित भारत के लिए युवाओं को हुनरमंद व आत्मनिर्भर होना होगाः अजय



**भिलाई।** छग चेंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई अपने कार्यक्रम जिंदगी न मिलेगी दोबारा के माध्यम से युवा छात्र-छात्राओं के लिए जागरुकता कार्यक्रम का लगातार आयोजन कर रहा है। इसी कड़ी में जिंदगी न मिलेगी दोबारा कार्यक्रम के अंतर्गत नेहरू नगर के स्कूल में छात्रों को आत्मनिर्भर बनने प्रोत्सहित किया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा पौधरोपण कर की गई। इस दौरान महामंत्री अजय भसीन ने विकसित भारत यात्रा का बखान करते हुए कहा कि भारत का यह स्वर्णिम काल है विकसित भारत मे हुनरमंद युवा की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि युवा संकल्पित होगा तो देश आत्मनिर्भर बनेगा। युवा अपनी ऊर्जा और समर्पण भाव से राष्ट्रहित में अपने स्किल का भरपूर योगदान देकर देश को आगे बढ़ाएंगे। सीए प्रदीप पाल ने युवा छात्रों को संदेश दिया कि उच्च शिक्षा के बाद विदेश में नौकरी की सोच न करे। भारत देश में ही बहुत बेहतर अवसर है। इस दौरान चैंबर की सुमन कन्नौजे ने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य के लिए शरीर को संतुलित भोजन की जरुरत होती है इसलिए सभी को प्रोटीन, मिनरल, विटामिन से भरपूर भोजन ग्रहण करना चाहिए।स्वस्थ रहकर ही स्वस्थ समाज की कल्पना की जा सकती है।

### दृढ़ विश्वास और सकारात्मक प्रयास से मिलेगी सफलता

जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला ने युवाओं को अपने मन की सुनो का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सफलता दृढ़ विश्वास से मिलती है, सफलता की राह में आपका सकारात्मक व सार्थक प्रयास महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में ट्रैफिक नियमों की जानकारी राजमणि द्वारा दी गई। कार्यक्रम में विशेष अतिथि कैलाश बत्रा ने युवाओं को बताया कि सफलता का कोई शार्टकट नही है, मेहनत व ईमानदारी ही कामयाबी का मार्ग है। विशेष अतिथि करमजीत बेदी ने युवाओं को उद्यमिता से जोड़कर कहा कि अपना व्यवसाय व उद्योग स्थापित करें, स्वालंबन व स्वरोजगार से देश आत्मनिर्भर होगा। कार्यक्रम में विशेष अतिथि दिनेश सिंघल, राकेश मल्होत्रा, चिन्ना राव, प्रेम गहलोत, रवि बत्रा, शंकर सचदेव सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे। मंच संचालन सुनील मिश्रा ने किया।

## भादिमावास महोत्सव

# रानी सती दादी महोत्सव में देर रात तक भजनों में झूमते रहे भक्त





**भिलाई।** श्री श्याम मंदिर कादंबरी नगर दुर्ग में श्रीरानी सती दादी जी का भादी महोत्सव का दो दिवसीय कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जा रहा है। कादंबरी नगर स्थित श्री श्याम मंदिर में श्री राणी सती दादी जी का भादिमावास महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंगल पाठ के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंगल पाठ में शामिल होकर पुण्य लाभ लिया। इस अवसर पर अंबिकापुर से आई मंगल पाठ ग्रुप द्वारा प्रस्तुति गई व विभिन्न झांकीयां भी काफी आकर्षण का केंद्र रही। वहीं मंगलवार को सुबह 8 बजे से धोक पूजा और सवामनि के साथ काम का शुभारंभ होगा जो छप्पन भोग, भजन, आरती और प्रसादी के साथ समाप्त होगा।

संस्था के प्रमुख किशोरी लाल सिंघानिया ने बताया कि सोमवार को दोपहर 2 बजे से विराट मंगल पाठ एवं झांकी का आयोजन अंबिकापुर से आए रेनू, बबीता और उनकी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा झांकी का प्रदर्शन किया गया। जो देर रात तक जारी रहा। रात 8.30 बजे से महाप्रसादी का वितरण उपस्थित श्रद्धालुओं को दिया गया। दो दिवसीय आयोजन के आज समापन अवसर पर मंगलवार की सुबह 8 बजे दादी जी की धोक पूजा के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ होगा। जो सवामणि प्रसादी, आरती एवं भजनों के साथ पूरे दिन जारी रहेगा। दोनों दिनों का समस्त आयोजन एमपी स्वीट्स भिलाई के हरिओम अग्रवाल के द्वारा किया जा रहा है। मंदिर ट्रस्ट समिति ने सभी धर्म प्रेमी सज्जनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर दादी जी का आशीर्वाद लेने की अपील की है।

## समाज इवेंट

# जरुरत पड़ने पर सामने आया डोनर, तीसरी बार किया रक्तदान



**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में अचानक आई ब्लड की डिमांड को पूरा किया। डिलीवरी वार्ड में भर्ती मरीज तनुजा वर्मा उम्र 31वर्ष को बी निगेटिव दो यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी। डोनर नहीं मिलने पर दिक्कत अचानक बढ़ गई। इसके बाद ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल के निर्देश पर चिखली निवासी जसप्रीत सिंह से संपर्क किया गया। उन्होंने आकर बी निगेटिव ब्लड मरीज को दिया। उनके द्वारा तीसरी बार रक्तदान किया गया। रक्तदान के समय ब्लड बैंक के नर्सिंग आफिसर सती गुप्ता, काउंसलर टीएस एंथोनी, ब्लड बैंक टेक्नोलॉजिस्ट रोशन सिंह, टेक्निशियन तटरन्नुम, निगार, सूरज, मीनाक्षी आदि मौजूद थे।

## कसौंधन वैश्य महिला समाज का प्रदेश स्तरीय तीज मिलन समारोह

# राजस्थानी व गुजराती नृत्य कर किया प्रतिभा का प्रदर्शन विजेता हुए पुरस्कृत, हरतालिका तीज का बताया महत्व

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** श्री बागेश्वर कसौंधन वैश्य महिला समाज छत्तीसगढ़ द्वारा प्रदेश स्तरीय तीज मिलन कार्यक्रम का आयोजन भिलाई के एमपी हॉल जुनवानी में किया गया। जिसमें प्रदेश के कोने कोने से समाज की महिलाओं ने शिरकत की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रजनी बघेल, डॉ मानसी गुलाटी, पूर्व पार्षद उपासना साहू, छग प्रदेश अध्यक्ष आशा गुप्ता, सचिव प्रभा गुप्ता, कोषाध्यक्ष आशा गुप्ता द्वारा शंकर, पार्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया। रंगारंग कार्यक्रम की शुरुआत वंदना व राधिका गुप्ता ने स्वागत गीत गाकर की। तीज मिलन समारोह में राजनांदगांव, डोंगरगढ़, अर्जुंदा, बालोद, दुर्ग, भिलाई, डोंगरगांव, रायपुर, बलौदा बाजार, भाटापारा, बिलासपुर की महिला सदस्यों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लिया।





### दी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति

इस दौरान मध्य प्रदेश, बालाघाट, महाराष्ट्र, गोंदिया से समाज की सभी सदस्याओं ने रंगारंग कार्यक्रम की एक से बढ़कर एक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति दी। राजस्थानी, गुजराती व सावन तीज के गानों में सभी सदस्याओं ने जमकर डांस किया। महिलाओं ने मनोरंजक गेम के साथ खूब मस्ती की। कार्यक्रम में नेहा, अर्चना, नीतू, अलका, गीता, योगिता, रीना, गगन, पल्लवी, सुमन, रमन, अनीता, मीरा, माया सहित क्षेत्रीय सदस्याएं प्रमुख रुप से उपस्थित थी। आयोजन में कसौंधन वैश्य महिला समाज भिलाई विशेष सहयोग रहा ।



ज्योतिष

## जानें मंगलवार को कौन सा अंक और रंग रहेगा आपके लिए शुभ



अंक ज्योतिष द्वारा अंकों के माध्यम से व्यक्ति के विषय एवं उसके भविष्य को जानने का प्रयास किया जाता है। उदाहरण के लिए समझिए यदि किसी व्यक्ति का जन्म 23 अप्रैल को हुआ है तो उसकी जन्म तारीख के अंकों का योग 2+3=5 आता है। यानी 5 उस व्यक्ति का मूलांक कहा जाएगा। अगर किसी की जन्मतिथि दो अंकों यानी 11 है तो उसका मूलांक 1+1= 2 होगा। वहीं, जन्म तिथि, जन्म माह और जन्म वर्ष का कुल योग भाग्यांक कहलाता है। जैसे अगर किसी का जन्म 22-04-1996 को हुआ है तो इन सभी अंकों के योग को भाग्यांक कहा जाता है। 2+2+0+4+1+9+9+6=33=6 यानी उसका भाग्यांक 6 है। इस अंक ज्योतिष को पढ़कर आप अपनी दैनिक योजनाओं को सफल बनाने में कामयाब रहेंगे। जैसे दैनिक अंक ज्योतिष आपके मूलांक के आधार पर आपको यह बताएगा कि आज के दिन आपके सितारे आपके अनुकूल हैं या नहीं। आज आपको किन चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है या फिर किस तरह के अवसर आपको प्राप्त हो सकते हैं।

**अंक 1** : अपने अंदर की आवाज़ को सुनने का समय आ चुका है। अपने भय को अपने सिर पर हावी न होने दें। चिंता न करें क्योंकि सब कुछ ठीक है और आप सही रास्ते पर है। देर है अंधेर नहीं।
शुभ अंक- 5, शुभ रंग- नारंगी

**अंक 2**: आज आपका भाग्य साथ देगा। अच्छा भाग्य शायद धन या एक नए करियर विकल्प के रूप में अभी आपके जीवन के मार्ग का नेतृत्व कर रहा है। एक यात्रा या किसी कक्षा में दाखिला लेकर आप अपने दिमाग से चिंताओं को दूर कर सकते हैं।
शुभ अंक- 9 , शुभ रंग- सफेद

**अंक 3** : आप को हर कार्य मे अपने दोस्तों के समर्थन और संगति पसंद है। जैसे ही आप अपने अंदर के प्यार और असीम शक्ति को समझेंगे वैसे ही आपको आनंद, स्नेह और ऊर्जा प्राप्त होगी।
शुभ अंक-10, शुभ रंग- पीला

**अंक 4** : काम आपके तनाव का कारण बन सकता है। रोमांस के लिए समय निकालें। अधूरे रिश्तों को समाप्त कर सकते हैं। नए अवसर और आय के नए स्रोत अब दिखने लगे हैं।
शुभ अंक- 11, शुभ रंग- लाल

## कमरे की दीवारों पर न लगाएं ये 4 तस्वीरें, परिजनों की खुशियों पर लग सकता है ग्रहण



घर की दीवारों पर तस्वीरें लगाना सिर्फ सजावट का तरीका ही नहीं, बल्कि इसके पीछे कई भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक कारण भी होते हैं। अक्सर इन्हीं वजहों से लोग अपने घर के दीवारों पर तस्वीरें लगाते हैं। घर में लगी तस्वीरों का प्रभाव हम सभी के जीवन पर पड़ता है। इसलिए इसका सही दिशा में होना बेहद जरूरी है। इन तस्वीरों का सही दिशा में होना आसपास सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने में मदद करता है। कुछ लोग परिवार की फोटो का फ्रेम दिवार पर लगाते हैं। घर में तस्वीरों को लगाने से घर की खूबसूरती तो बढ़ती ही है लेकिन अगर फेंगशुई नियम से इन तस्वीरों को न लगाया जाए तो परिवार में कलह की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। फेंगशुई के अनुसार, दीवार पर लगी कुछ तस्वीरें आपके घर-परिवार में नकारात्मकता पैदा करती है।

**डूबते हुए सूर्य की तस्वीर** : किसी भी पहाड़ या समुद्र किनारे डूबता हुए सूरज की तस्वीर घर की दीवारों पर नहीं लगानी चाहीए। फेंगशुई के मुताबिक डूबते हुए सूरत को नकारात्मक्ता का प्रतीक माना जाता है। ऐसी तस्वीर देखने से आशा की बजाए निराशा होती है। इसलिए भूलकर भी घर में ऐसी तस्वीरें न लगाएं।

**बहते हुए झरने की फ्रेम फोटो** : फेंगशुई नियमों के मुताबिक घर के किसी भी दीवार पर किसी पहाड़ से गिरते हुए झरने की तस्वीर नहीं लगानी चहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार झरने की तस्वीर लगाने से जिस तरह पानी बहता है ठीक उसी तरह से घर से पैसा बहने लगता है। कई बार अच्छी आमदनी होने के बावजूद आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए ऐसी तस्वीरों को घर में लगाने से बचना चाहिए।

**तीन सदस्यों वाली तस्वीर** : फेंगशुई नियमों के मुताबिक तीन लोगों की फोटो एक फ्रेम में लगाना अशुभ होता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इससे रिश्तों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। साथ ही तीन दोस्तों की फोटो भी एक फ्रेम में लगाना सही नहीं माना जाता है। अगर आपके घर की दीवार पर ऐसी तस्वीरें लगी हैं तो आज ही उसे हटा दें।

**हर एक कमरे के दीवार पर न लगाएं भगवान की फोटो** : वैसे तो भगवान की तस्वीरों को घर पर लगाना शुभ माना जाता है। मगर फेंगशुई और वास्तु शास्त्र के मुताबिक घर की हर दीवारों पर भगवान की फोटो लगाना उचित नहीं होता है। ऐसा करने से धन की हानि होती है। इसलिए भगवान की तस्वीरों के लिए एक पवित्र स्थान बनाएं।

### जानिए पुरुषों को ज्यादा पीने से क्यों बचना चाहिए

# क्या दिल के मरीजों के लिए फायदेमंद है नारियल पानी?

नारियल पानी का स्वाद भले ही किसी को पसंद हो या न हो, लेकिन हर व्यक्ति इससे मिलने वाले फायदों को पाना चाहता है। एक नारियल का पानी पीकर आपको गर्मी से राहत मिलती है। वहीं, इससे कई सारी बीमारियों को दूर रखा जा सकता है। ये एक ऐसा फल है जिसके कई बेनेफिट्स है। यह आपको कैंसर की बीमारी के रिस्क तक से बचा सकता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि नारियल पानी में प्रोटीन, गुड फैट, कार्बोहाइड्रेट्स, फाइबर, आयरन, विटामिन ए, विटामिन सी और फैटी एसिड की मात्रा पाई जाती है। जो पोषक तत्व हमें खाने से नहीं मिलते हैं वह नारियल पानी पीने पर मिल जाते हैं।





### क्या दिल के मरीजों के लिए फायदेमंद है नारियल पानी?

नारियल पानी को हार्ट पेशेंट के लिए सेफ माना जाता है। क्योंकि इसमें फैट, कैलोरी और बैड कोलेस्ट्रॉल बहुत कम होता है। जिससे हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। वहीं इसके पानी में पोटेशियम होता है जो कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने में मददगार साबित हो सकता है। ये ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल कर सकता है। डॉक्टर भी हार्ट के मरीजों को नारियल पानी पीने की सलाह देते हैं। हालांकि, जिन लोगों को हार्ट के साथ किडनी में भी समस्या है उन्हें नारियल पानी पीने से बचना चाहिए। आप अपने डॉक्टर की सलाह लेने के बाद इसे पी सकते हैं।



### ज्यादा नारियल पानी पीने से हो सकता है निगेटिव इफेक्ट्स

पुरुषों को ज्यादा नारियल पानी पीने से बचना चाहिए, क्योंकि इसके निगेटिव इफेक्ट्स हो सकते हैं। दरअसल, बहुत ज्यादा नारियल पानी पीने से हाइपरकेलेमिया हो सकता है, जो ब्लड में पोटेशियम का खतरनाक स्तर है। इससे अनियमित दिल की धड़कन या किडनी की समस्या हो सकती है। वहीं, जिन पुरुषों की ब्लडप्रेशर की दवा चल रही है या जिनका ब्लडप्रेशर कम है, उन्हें सतर्क रहना चाहिए। अगर कोई पुरुष बहुत ज्यागा नारियल पानी पी रहा है तो इससे पुरुषों के प्रजनन स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। अब सवाल ये है कि कितना पीएं कि नुकसान न हो? तो रिपोर्ट्स कहती हैं कि पुरुष के लिए 1 या 2 कप नारियल पानी पीना सामान्य माना जाता है।



## पीठ की चर्बी कम करने के लिए तीन योगासन, अभ्यास से सुडौल होगा शरीर

पेट की चर्बी को लेकर लोग परेशान होते हैं लेकिन कुछ लोगों के शरीर के कई भागों में चर्बी अधिक होती है। बाजुओं की चर्बी के कारण बिना बाजुओं के कपड़ें पहनने का आत्मविश्वास नहीं आ पाता है। वहीं पीठ की चर्बी के कारण भी व्यक्ति में मोटापा नजर आता है।हाथ, पैर, डबल चिन या बैली फैट को आसानी से घटा सकते हैं, लेकिन पीठ की चर्बी को घटाने में अधिक समय लगता है, क्योंकि पीठ के अतिरिक्त वसा को कम करना अधिक कठिन होता है। ऐसे में अगर आपके पीठ पर भी फैट है, तो उसे घटाने के लिए योग की मदद ले सकते हैं।

योग से शरीर को शेप में किया जा सकता है। साथ ही शरीर के अलग-अलग हिस्सों के अतिरिक्त वसा को कम किया जा सकता है। इस लेख में ऐसे ही कुछ योगासनों के बारे में बताया जा रहा है, जो पीठ की चर्बी को कम करके शरीर को सुडौल बनाने में असरदार हैं।

### धनुरासन

इस आसन के अभ्यास के लिए पेट के बल लेटकर घुटनों को मोड़ें। टखनों को हथेलियों को पकड़ते हुए दोनों पैरों और बाहों को जितना हो सके ऊपर की ओर उठाएं। नजर ऊपर की ओर रखते हुए कुछ देर के लिए इसी अवस्था में रहें। फिर पुरानी स्थिति में वापस आ जाएं।

### पादहस्तासन



पीठ की चर्बी घटाने के लिए पादहस्तासन का अभ्यास भी असरदार है। इस आसन को करने के लिए दोनों पैरों पर सीधे खड़े हो जाएं। अब हाथों को शरीर के साथ सीधा रखते हुए श्वास अंदर की ओर लें। हाथों को सिर के ऊपर ले जाएं और शरीर को ऊपर की ओर खींचें। अब श्वास छोड़ते हुए रीढ़ को सीधा रखें। इस दौरान घुटनों और हाथों को एक सीध में रखते हुए आगे की ओर झुकें। फिर हाथों को फर्श पर रखें और अपनी एड़ियों से पकड़ें।

### भुजंगासन



पेट के बल सीधा लेटकर पैरों के बीच थोड़ी दूरी रखें। अब हाथों को छाती से पास ले जाते हुए हथेलियों को नीचे टिकाएं। गहरी सांस लेते हुए नाभि को ऊपर उठाएं और आसमान की तरफ देखें। कुछ देर इसी मुद्रा में रहने के बाद पुरानी स्थिति में वापस आ जाएं।

## उचित आहार एनीमिया दूर करने में मददगार, जानिए क्या खाएं-क्या नहीं

पोषण माह देशभर में हर साल एक से 30 सितंबर तक सही पोषण के लिए जागरुकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। इस वर्ष सातवां पोषण माह मनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य से संबंधित कई बिंदुओं पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है, जिसमें से एक मुख्य विषय है 'एनीमिया' जो कि भारत के हर वर्ग में देखने को मिलता है, विशेषकर महिलाओं व बच्चों में।

गर्भावस्था के दौरान आयरन की कमी से मातृ एवम् शिशु को खतरा हो सकता है। इसकी कमी से बच्चों में संक्रमण की आशंका बढ़ जाती है और सीखने की क्षमता कम हो जाती है।

आयरन (लोह तत्व) की आवश्यकता हीमोग्लोबिन संश्लेषण के लिए होती है तथा यह मानसिक कार्य करने एवम् रोग प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए आवश्यक होता है। आयरन की कमी से एनीमिया हो जाता है। आइए जानते हैं कुछ मुख्य खान-पान संबंधित बातें जिससे इसे रोका तथा दूर किया जा सकता है।



### अपने खान-पान में इन चीजों को करें शामिल

अपने दैनिक आहार मे हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, मेथी, अरबी के पत्ते, पुदीना तथा चने, अंजीर व हलीम के बीज शामिल करें। आप अनार, गाजर तथा चुकंदर को सूप, जूस या सलाद के रूप में ले सकते हैं। अगर आप मांसाहारी हैं तो अपने खाने में मटन व अण्डे को एक सीमित मात्रा में शामिल कर सकते हैं।

### किन बातों का रखें ध्यान?

जब भी आप खाने में आयरन (लोह तत्व) के शाकाहारी स्रोत को लेते हैं तो उसके उपर ताजा कटा हुआ नींबू अवश्य डालें जिससे कि खाद्य पदार्थ में मौजूद आयरन के अवशोषण में सहायता मिले। अपने खाने में आंवला, अमरूद एवम अन्य खट्टे फल शामिल करें ।

### इन चीजों के सेवन से बचें

आयरन (लोह तत्व) के शाकाहारी स्रोत को लेने के पश्चात कुछ घंटों तक चाय-कॉफी का सेवन ना करें क्योंकि इससे आयरन का अवशोषण प्रभावित हो सकता है। अतः इन कुछ बातों को अगर हम अपने दैनिक जीवन में अपना लें तो देश में एनीमिया को दूर कर पोषण माह के एक मुख्य उद्देश्य को पूरा किया जा सकता है ।

## बीमारियों से रहना है दूर तो आहार में जरूर होने चाहिए ये विटामिन्स

शरीर को स्वस्थ रखना चाहते हैं तो इसका सबसे आसान तरीका है- पौष्टिक आहार का सेवन। स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, अगर आप रोजाना विटामिन्स और मिनरल्स से भरपूर चीजें खाते हैं तो ये आपको कई प्रकार के रोगों से सुरक्षित रखने में मददगार हो सकता है। यही कारण है कि बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी को पौष्टिक चीजों के सेवन की सलाह दी जाती है। क्या आपका आहार स्वस्थ और शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर है?



### क्या कहती हैं डायटीशियन?

डायटीशियन पूजा शर्मा बताती हैं, स्वस्थ और पौष्टिक आहार का मतलब उन चीजों से है जो शरीर को सभी आवश्यक पोषक तत्व सही अनुपात में प्रदान करती हों। इन पोषक तत्वों में कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, स्वस्थ वसा, विटामिन्स और खनिज शामिल हैं। भोजन की थाली में अलग-अलग रंगों वाले फलों-सब्जियों को शामिल करके जरूरी विटामिन्स और खनिजों की पूर्ति की जा सकती है। आइए जानते हैं कि बीमारियों से बचे रहने और शरीर को तंदुरुस्त रखने के लिए हमें नियमित रूप से किन विटामिन्स की आवश्यकता होती है।

**विटामिन-ए** : विटामिन-ए हमारे शरीर के लिए सबसे आवश्यक पोषक तत्वों में से एक है। हृदय, फेफड़े, लिवर और अन्य अंगों को ठीक से काम करने में ये मदद करता है। आप सैल्मन जैसी मछलियों, ब्रोकली, गाजर, हरी पत्तेदार सब्जियों, खरबूजा, खुबानी, आम, डेयरी उत्पाद से विटामिन ए प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप रोजाना पर्याप्त मात्रा में विटामिन-ए वाली चीजें खाते हैं तो ये आंखों की रोशनी, प्रतिरक्षा प्रणाली, प्रजनन और वृद्धि-विकास में काफी फायदेमंद है।

**विटामिन-बी** : विटामिन ए की ही तरह से विटामिन-बी वाली चीजें भी शरीर को स्वस्थ रखने में काफी महत्वपूर्ण मानी जाती हैं। अमेरिकन प्रेग्नेंसी एसोसिएशन के अनुसार, जो महिलाएं गर्भवती हैं, स्तनपान करा रही हैं या गर्भधारण की योजना बना रही हैं, उन्हें अधिक मात्रा में विटामिन बी, विशेष रूप से फोलेट की आवश्यकता हो सकती है। विटामिन बी यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं कि शरीर की कोशिकाएं ठीक से काम कर रही हैं। सेब, केले और एवोकाडो जैसे फल विटामिन-बी के समृद्ध स्रोत हैं। चिया सीड्स, फ्लैक्स सीड्स से एंटीऑक्सीडेंट, स्वस्थ वसा और विटामिन-बी प्राप्त होता है।


**विटामिन-सी** : विटामिन-सी प्रतिरक्षा प्रणाली को बढ़ावा देने वाले सबसे आवश्यक पोषक तत्वों में से एक है। आहार से आयरन के अवशोषण को बढ़ावा देने के लिए भी ये जरूरी है। यह एक एंटीऑक्सीडेंट के रूप में भी कार्य करता है, जो हमारी कोशिकाओं को हानिकारक फ्री रेडिकल्स से बचाता है।

कार्नर न्यूज

### भारत में 60 से अधिक उम्र की हर तीन में से एक महिला गठिया से पीड़ित

# अक्सर रहता है जोड़ों में दर्द? इन घरेलू उपायों की मदद से पा सकते हैं आराम

*उम्र बढ़ने के साथ जोड़ों-हड्डियों की समस्या भी बढ़ने लगती है। 50 की आयु तक लोगों में गठिया (आर्थराइटिस) का जोखिम भी बढ़ जाता है। गठिया की समस्या के कारण चलना-उठना और जीवन के सामान्य कार्यों को करना भी मुश्किल हो जाता है। वैसे तो पुरुष-महिला किसी को भी गठिया और जोड़ों की दिक्कत हो सकती है, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स बताते हैं कि गर्भावस्था और रजोनिवृत्ति के दौरान हार्मोनल परिवर्तन के कारण महिलाओं में इसका खतरा अधिक हो सकता है। भारत में, 60 से अधिक उम्र की हर तीन में से एक महिला गठिया से पीड़ित हो सकती है। यहां तक कि 20 और 30 की उम्र में भी अब इसका जोखिम बढ़ता देखा जा रहा है।*





### बढ़ रही है जोड़ों की समस्या

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, कम उम्र से ही पौष्टिक आहार और नियमित व्यायाम की आदत बनानी जरूरी है। जिन लोगों को गठिया की समस्या है उन्हें डॉक्टर से सलाह जरूर लेनी चाहिए। कुछ घरेलू उपायों की मदद से भी जोड़ों में दर्द, सूजन और गठिया की जटिलताओं को कम करने में मदद मिल सकती है। आइए उन उपायों के बारे में जानते हैं जो जोड़ो के दर्द से आराम दिलाने में मदद कर सकते हैं।

### गर्म और ठंडी सेंकाई

गठिया की समस्या में गर्म और ठंडी सेंकाई से राहत मिल सकती है। गर्म पानी की थैली (हीट पैड) या गर्म तौलिए से जोड़ों की सेकाई करने से मांसपेशियों को आराम मिलता है और ये दर्द को कम करने में मदद करता है। इसी तरह से बर्फ की थैली को जोड़ो पर लगाने से सूजन और दर्द को कम किया जा सकता है। आर्थराइटिस के रोगियों को डॉक्टर की सलाह पर नियमित रूप से इस उपाय को प्रयोग में लाना चाहिए।

### जरूर करें व्यायाम

नियमित रूप से हल्के स्तर के व्यायाम और योग करने की आदत बनाएं। जोड़ो में लचीलापन बढ़ाने और दर्द को कम करने में इससे आराम मिलता है। तैराकी और वॉकिंग जैसी एक्सरसाइज भी मददगार हो सकती है। बहुत अधिक समय तक बैठे रहने से बचें, इससे जोड़ों की गतिशीलता बनी रहती है और दर्द-अकड़न में आराम मिलता है। रोजाना वॉक करने की आदत आर्थराइटिस की समस्या में आपके लिए फायदेमंद हो सकती है।



### आहार में शामिल करें एंटी-इन्फ्लेमेटरी चीजें

एंटी-इन्फ्लेमेटरी चीजें जोड़ों में सूजन को कम करने में मदद करती है, इसके लिए आहार में कुछ बदलाव से मदद मिल सकती है। हल्दी और अदरक में एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं। हल्दी में करक्यूमिन होता है, जो सूजन और दर्द को कम करती है, इसी तरह से अदरक का उपयोग भी सूजन को कम करने के लिए किया जाता रहा है। रोजाना एक गिलास गर्म दूध में एक चम्मच हल्दी मिलाकर पीने से गठिया रोगियों को आराम मिल सकता है।

फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### सबसे अधिक कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्म बनी 'इनसाइड आउट 2



डिज्नी और पिक्सर की 'इनसाइड आउट 2' बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त कमाई कर रही है। फिल्म ने एक बिलियन डॉलर यानी कि 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। 12 रिलीज में से एक यह एकमात्र एनिमेटेड फिल्म है, जिसने इतना कलेक्शन किया है। वैसे तो वैश्विक स्तर पर 55 फिल्मों ने एक बिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा के हिसाब से 100 करोड़) की कमाई की है। इसमें घरेलू और अंतरराष्ट्रीय टिकट बिक्री भी शामिल है। मगर केवल एक दर्जन फिल्में ही अकेले विदेशी बाजारों से उस बेंचमार्क को छूने में कामयाब रहीं। इनमें से 11 फिल्में लाइव-एक्शन थीं। डिज्नी की 2019 की फिल्म 'द लॉयन किंग' ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1.1 बिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा के हिसाब से 110 करोड़ रुपए) की चौंका देने वाली कमाई की। स्टूडियो ने रीमेक को कंप्यूटर जनरेटेड के बजाय लाइव-एक्शन में दिखाया, इसके चलते 'इनसाइड आउट 2' इस क्लब में शामिल होने वाली पहली एनिमेटेड फिल्म है। एक बिलियन डॉलर (भारतीय मुद्रा के हिसाब से 100 करोड़ रुपये) तक पहुंचने का मतलब है कि 'इनसाइड आउट 2' ने लगभग हर जगह धूम मचा दी है। कुछ हफ्ते पहले 'इनसाइड आउट 2' ने इतिहास की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एनिमेटेड फिल्म 'फ्रोजन II' को पीछे छोड़ दिया था।

## टॉलीवुड

### 2209 एडी में सेट है 'बिल्ला रंगा बाशा' की कहानी रेत में दिखा ताजमहल, पानी में एफिल टावर



अभिनेता किच्चा सुदीप की नई फिल्म की घोषणा कर दी गई है। इसके लिए काफी खास दिन को चुना गया है, क्योंकि किच्चा सुदीप का 51वां जन्मदिन हैं। उनकी नई फिल्म का नाम 'बिल्ला रंगा बाशा' है, जिसका कॉन्सेप्ट वीडियो भी दर्शकों के साथ साझा किया गया है। 'बिल्ला रंगा बाशा' का निर्देशन अनूप भंडारी करेंगे, जो इससे पहले 'विक्रांत रोना' को डायरेक्ट कर चुके हैं। इस फिल्म में भी किच्चा सुदीप ने ही मुख्य भूमिका अदा की थी। फिल्म का निर्माण के निरंजन रेड्डी और चैतन्य रेड्डी की कंपनी प्राइमशो एंटरटेनमेंट द्वारा किया जाएगा, जिन्होंने हिट फिल्म 'हनुमान' को भी बनाया था। किच्चा सुदीप ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर 'बिल्ला रंगा बाशा' का कॉन्सेप्ट वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में पहले किच्चा के फैंस उनकी नई फिल्म की अपडेट मांगते हुए दिखाई देते हैं। फिर ऐलान होता है कि अनूप भंडारी के निर्देशन और प्राइमशो एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित फिल्म में किच्चा नजर आएंगे। इसके बाद फिल्म के नाम का ऐलान किया जाता है। 'बिल्ला रंगा बाशा' की कहानी के बारे में जानकारी दी गई है। फिल्म की कहानी 2209 ई. में सेट की जाएगी। वीडियो में भविष्य की दुनिया की झलक देखने को मिलती है, जिसमें ताजमहल रेत में दिखाई देता है, एफिल टावर पानी में और स्टैचू ऑफ लिबर्टी बर्फ की चादर में दिखाई पड़ती है। वीडियो के अंत में सुदीप को 'अभी वापस आऊंगा' कहते हुए सुना जाता है।

## भोजपुरी

### मुझे भी लोगों ने कहा था काम पाने के लिए करना पड़ेगा कोम्प्रोमाइज: प्रियंका

भोजपुरी फिल्मों की युवा अभिनेत्री प्रियंका महाराज फिल्मों के साथ – साथ एल्बम का भी सक्रिय चेहरा बन चुकी हैं।प्रियंका,पवन सिंह और खेसारी लाल यादव के साथ भी स्क्रीन शेयर कर चुकी हैं। अपने अब तक के संघर्ष के साथ उन्होंने भोजपुरी के इंडस्ट्री के कामकाज के रवैये पर भी अपने अनुभव को सांझा किया है।



शुरुआत में मैं ऑडिशन के लिए जिस भी ऑफिस में जाती थी, तो मैं अपनी मां को लेकर जाती थी। उस वक़्त मुझसे लोग कहते थे कि हीरोइन नहीं बन पाओगी। अगर मां को लेकर हर जगह जाओगी। यहां कोम्प्रोमाइज़ होता है। कोम्प्रोमाइज़ का मतलब आपको पता है ना। यह सब बातें मैंने करियर की शुरुआत में सुनी है। इन बातों के साथ मैं यह भी कहूंगी कि कोई आपके साथ यहां जबरदस्ती नहीं करता हैं, जब तक आपकी मर्जी ना हो। मेरा एकदम सिंपल सा फंडा है कि जो भी काम आएगा, वह मेरी काबिलियत के बल पर आएगा तो करेंगे वरना काम जाते हैं तो जाए। मम्मी को हर जगह साथ ले जाने का खामियाजा भी मैंने भुगतना पड़ा है। फिल्मों की मुहूर्त में मैं थी, लेकिन फिल्म की शूटिंग किसी और अभिनेत्री के साथ हो गई। स्टोरी चेंज हो गई। मेरे चार गाने थे.अचानक से किसी और अभिनेत्री को मेरे दो गाने दे दिए।

फेस्टिवल परफेक्ट लुक

लाइफ स्टाइल



इस साल गणेश चतुर्थी 7 सितंबर को सेलिब्रेट की जाएगी। इस दिन बप्पा का स्वागत खूब अच्छे से सज-संवर के करते हैं। अगर आप भी घर पर बप्पा को लेकर आने वाले हैं तो तैयार होने के लिए अदाकाराओं के गणेशोत्सव वाले लुक से टिप्स ले सकती हैं। एक्ट्रेस हर साल गणपति बप्पा का स्वागत सज-संवरकर करती हैं। वह इस दिन के लिए इंडियन लुक पर फोकस करती हैं। इस लुक में उन्होंने पीले रंग की एक खूबसूरत साड़ी को कैरी किया है। जिसके साथ बेल्ट को स्टाइल किया है।

# हरतालिका तीज पर लगाएं ये सुंदर आलता डिजाइन पैरों की खूबसूरती में लग जाएंगे चार चांद

हरतालिका तीज पर हर सुहागन स्त्री अपने पैरों पर आलता यानी महावर लगती है। आज हम आपके लिए कुछ आलता के फैंसी डिजाइन लेकर आए हैं जो आपके पैरों की खूबसूरती में चार चांद लगा देंगे।

**सोलह श्रृंगार का अहम हिस्सा है आलता :** हरतालिका तीज का पावन पर्व बस आने ही वाला है। इस दिन हर सुहागन स्त्री सोलह श्रृंगार कर अपने पति की लंबी उम्र और खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना करती है। महिलाओं के इसी सोलह श्रृंगार का आलता यानी महावर भी बहुत अहम हिस्सा है। आलते को सुहाग की निशानी माना जाता है और हर सुहागन स्त्री किसी भी पावन पर्व पर अपने पैरों पर आलता जरूर लगती है। आलता लगे पैर देखने में भी काफी खूबसूरत लगते हैं। आज हम आपके लिए आलते के कुछ फैंसी डिजाइन लेकर आए हैं जिनकी मदद से आप अपने पैरों की खूबसूरती को और बढ़ा सकती हैं।



**फूलों वाला डिजाइन ट्राई करें :** हर बार सिंपल स्टाइल में आलता लगाने के जगह आप ये फूलों वाला डिजाइन भी ट्राई कर सकती हैं। ये देखने में काफी ज्यादा सुंदर लगता है। साथ ही इसे बनाना भी बेहद आसान है। इसे बनाने के लिए आप एक ब्रश की मदद ले सकती हैं। इसके अलावा एक क्यूटिप का भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### लोट्स शेप डिजाइन है काफी फैंसी

कुछ फैंसी और सिंपल ट्राई करना चाहती हैं तो ये लॉट्स शेप आलता डिजाइन ट्राई कर सकती हैं। ओवरऑल ये काफी सिंपल लुक है बस पैरों की साइड्स पर कमल का फूल और कुछ सुंदर से पैटर्न बना देने हैं। कुछ मिनिमल ट्राई करने का मन है तो ये डिजाइन बेस्ट रहेगा।

### ट्राई करें क्लासिकल डिजाइन

अगर आप बिल्कुल ही सिंपल डिजाइन ढूंढ रही हैं तो ये क्लासिकल पैटर्न ट्राई कर सकती हैं। इसे बनाना कितना आसान है ये देखने में भी उतना ही फैंसी भी लगता है। बस पैरों के बीचों-बीच एक सिंपल सी बेल बनाकर आप इस पैटर्न को तैयार कर सकती हैं।

### मेहंदी के संग मिक्स करें आलता

अगर कुछ अलग हटकर ट्राई करना चाहती हैं तो आलते के साथ मेंहदी मिक्स कर के ये डिजाइन ट्राई कर सकती हैं। ये काफी यूनिक और फैंसी लुक देगा। पैरों की उंगलियों पर आलता लगा लें। वहीं, साइड और बीच में मेहंदी से सुंदर बूटियां बना लें। नई नवेली दुल्हनों के लिए तो डिजाइन एकदम परफेक्ट है।

# टीचर्स डे पर चाहती हैं स्टाइलिश लुक तो पहनें ऐसी साड़ी, सब करेंगे तारीफ





फैशन

टीचर्स डे पर अधिकतर स्कूल में 12 क्लास के लड़के-लड़कियों को टीचर का किरदार निभाने का मौका मिलता है। ऐसे में लड़कियां इस दिन साड़ी पहनना पसंद करती हैं। तो इस दिन स्टाइलिश अंदाज पाने के लिए एक्ट्रेसेस की तरह साड़ी को कैरी करें।

एक टीचर अपने बच्चे को बचपन से ही सही मार्ग पर चलने की राह बताता है। इये दिन शिक्षकों के साथ-साथ बच्चों के लिए भी बेहद खास होता है। इस दिन बच्चे अपने टीचर के प्रति सम्मान देने के लिए अलग-अलग प्रोग्राम होता है। इस दिन बच्चे टीचर का किरदार निभाने के लिए उनकी तरह तैयार होकर स्कूल जाते हैं। इस दिन टीचर की तरह स्टाइलिश लुक पाने के लिए यहां देखिए एक्ट्रेसेस के साड़ी लुक।

**प्लेन ऑर्गेंजा साड़ी :** आप प्लेन ऑर्गेंजा साड़ी पहन सकती हैं। आप इस प्लेन साड़ी के साथ सीक्वेंस ब्लाउज को पहन सकती हैं। सिंपल साड़ी में इस तरह का लुक काफी स्टाइलिश दिखता है।

**सिंपल लाल साड़ी :** अगर आप क्लासी लुक पाना चाहती हैं तो लाल रंग की इस तरह की साड़ी को पहन सकती हैं। इस साड़ी में फूलों की छोटी-छोटी बूटी हैं। इसके साथ एक्ट्रेस ने कंट्रास्ट पिंक कलर का ब्लाउज पहना था।



**खूबसूरत दिखेगी इस तरह की साड़ी :** आप इस तरह की साड़ी को टीचर्स डे पर पहन सकती हैं। इसमें नीले-पीले रंग की लाइने बनी हुई हैं। इस साड़ी के पल्ले पर हैवी एंब्रॉडरी बॉर्डर लगा हुआ है।

**फूलों के प्रिंट वाली साड़ी :** आप एक ऐसी साड़ी को चुन सकती हैं जिसमें फूलों का प्रिंट हो। शिफॉन फैब्रिक की साड़ी में आप खूबसूरत और स्लिम दिखेंगी। इसके साथ आप अन्नया जैसे लुक को क्रिएट कर सकती हैं।

**सुंदर है ये ऑर्गेंजा साड़ी :** अगर हल्के रंग की साड़ी पहनना चाहती हैं तो ये एक बेहतर ऑप्शन है। ये साड़ी दो रंगों में आती है। हल्के रंग की इस साड़ी के साथ आप डार्क रंग की साड़ी को कैरी कर सकती हैं।

# खत्म हो गया है ब्लश तो खोलें फ्रिज और दो सब्जियों से कर लें तैयार, जानें कैसे

खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं मेकअप का इस्तेमाल करती हैं। आज के समय में तो बाजार में महिलाओं को उनकी स्किन टोन और स्किन टाइप के हिसाब से मेकअप आसानी से मिल जाता है। जिस तरह से महिलाओं की खूबसूरती में लिपस्टिक चार चांद लगाती है, ठीक उसी तरह से ब्लश भी मेकअप का काफी अहम हिस्सा है। ब्लश की वजह से चेहरे की लालिमा बरकरार रहती है।

कई बार ऐसा होता है कि ब्लश खत्म हो जाता है। हर किसी से लिए तत्काल जाकर इसे खरीदना आसान नहीं होता। ऐसे में आप इसे घर पर तैयार कर सकती हैं। जी हां, ये भले ही सुनने में अजीब लगे, लेकिन आप घर पर ही बिना केमिकल वाला ब्लश सब्जियों की मदद से बना सकते हैं। इसे बनाना काफी आसान है। इसके साथ ही आप इस प्राकृतिक ब्लश को स्टोर करके फ्रिज में रख सकती हैं, ताकि आप बिना समय गंवाएं इसका इस्तेमाल कर सकें।



### गाजर की मदद से करें तैयार

पीच रंग के ब्लश के लिए आप गाजर का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये ब्लश हर किसी पर काफी खूबसूरत लगता है। इसे बनाना काफी आसान है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले गाजर को कद्दूकस कर लें। कद्दूकस करने के बाद गाजर को सुखा लें। जब ये सही से सूख जाए तो थोड़ा सा अरारोट मिलाकर इसे मिक्सी में पीस लें। आपका ये ब्लश तैयार है।

### चुकंदर का ब्लश ऐसे करें तैयार

लाल ब्लश के लिए आपको चुकंदर का इस्तेमाल करना पड़ेगा। चुकंदर खाने से न सिर्फ आपका स्वास्थ सही रहता है, बल्कि ये सुंदरता बढ़ाने में भी आपकी मदद कर सकता है। चुकंदर की मदद से आपको ब्लश बनाने के लिए ज्यादा मेहनत नहीं करनी पड़ेगी। चुकंदर का ब्लश तैयार करने के लिए बस सबसे पहले चुकंदर का गाढ़ा पल्प तैयार करें। इस पल्प में ग्लिसरीन की कुछ बूंदें मिलाएं। अब इसे सही तरह से मिक्स करें। बस इन दो स्टेप्स से आपका ब्लश तैयार है। आप इसे छोटे से कांच के कंटेनर में रखकर स्टोर कर सकती हैं।

# इन पत्तियों से बनी क्रीम आपको देगी दमकती त्वचा, इसे घर पर बनाने का तरीका जान लें

हम सभी बारिश के मौसम में अपनी त्वचा को लेकर काफी चिंतित रहते हैं। दरअसल, इस मौसम में त्वचा पर इंफेक्शन का काफी खतरा मंडराता है, जिस वजह से लोग स्किन केयर करके त्वचा को सुरक्षित रखने का प्रयास करते हैं। इसके लिए बाजार में मंहगे से मंहगी क्रीम स्किन टाइप के हिसाब से आपको मिल जाएगी लेकिन इन रेडीमेड क्रीम का असर कुछ दिनों तक ही रहता है।

ऐसे में हम आपको एक ऐसी होममेड क्रीम के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपकी त्वचा को न सिर्फ इंफेक्शन से बचाती है, बल्कि चेहरे की कई अन्य परेशानियों को भी दूर करती है। यहां हम नीम से बनी क्रीम की बात कर रहे हैं। ये क्रीम आपकी कई परेशानियों को दूर करने का काम करेगी।



क्रीम बनाने का सामान
नीम का पते
नारियल का तेल - 2 बड़े चम्मच
ग्लिसरीन- 2 चम्मच
एलोवेरा जेल - 2 बड़े चम्मच
विटामिन ई कैप्सूल

नीम में एंटीबैक्टीरियल, एंटीइंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो त्वचा की समस्याओं का समाधान करने में मदद करते हैं। इसी के चलते इस लेख में हम आपको घर पर ही नीम की पत्तियों से क्रीम बनाने का तरीका और इसके इस्तेमाल के फायदे बताने जा रहे हैं।

**मुंहासों का उपचार :** नीम की बनी ये क्रीम मुंहासों और त्वचा के दाग-धब्बों को कम करने में मदद करती है। ऐसे में अगर आपके चेहरे पर दाग-धब्बे हैं तो आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

**संक्रमण से सुरक्षा :** नीम में तमाम तरह के एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं जो त्वचा को संक्रमण से बचाते हैं। ऐसे में आपकी त्वचा संवेदनशील है तो आप इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। ताकि आपकी त्वचा संक्रमण से बची रहे।


**पोर्स होंगे टाइट :** ये होममेड क्रीम आपके स्किन पोर्स को टाइट करके झुर्रियां होने से बचाता है। ये क्रीम प्राकृतिक है और इसे बनाने में उपयोग किए गए सभी तत्व त्वचा के लिए सुरक्षित और लाभकारी हैं।


कार्नर न्यूज

अक्सर आप पूरा ध्यान कपड़ों, ज्वेलरी और मेकअप पर लगा देती हैं, लेकिन बालों को भूल जाती हैं

# इन हेयर एक्सेसरीज से निखरेगा आपका व्यक्तित्व खरीदने से पहले जानें क्या है आजकल ट्रेंड में

*हेयर एक्सेसरीज आपके बालों को व्यवस्थित करती है, खूबसूरती बढ़ाती है तो व्यक्तित्व को निखारती भी है। यह आपको किसी भी अवसर पर आकर्षक बना सकती है। अक्सर आप अपना पूरा ध्यान कपड़ों, ज्वेलरी और मेकअप पर लगा देती हैं, लेकिन बालों को भूल जाती हैं। इससे आपकी सुंदरता में कुछ कमी रह जाती है। बाल आपकी सुंदरता में चार चांद लगाते हैं और आपके पूरे व्यक्तित्व को निखार कर सामने लाते हैं। ऐसे में हेयर एक्सेसरीज आपके लुक को एक नया आयाम दे सकती है और बालों को सुंदरता के साथ सजाने में मदद कर सकती है।*





**पर्ल जाल :** यह एक्सेसरीज बन हेयर स्टाइल के साथ इस्तेमाल की जाती है, जो बेहद खूबसूरत और रॉयल लुक देती है। यह पर्ल (मोती) के साथ जाल की तरह सजाई जाती है, जो आपके बालों को एक एलिगेंट और क्लासिक लुक देती है। पर्ल जाल हेयर एक्सेसरीज खासतौर पर विशेष अवसरों, जैसे कि शादी या पार्टी के लिए उपयुक्त है। यह आपको बाजार में आसानी से मिल जाएगी।

**पर्ल हेयर बैंड :** पर्ल से सजाए गए हेयर बैंड्स बालों को एक गॉर्जियस लुक देते हैं। पर्ल बैंड्स खासतौर पर पार्टी या फॉर्मल इवेंट्स के लिए आदर्श होते हैं, लेकिन आप इनका इस्तेमाल डेली यूज में भी कर सकती हैं, जो आपको एक आकर्षक-सा लुक देने में मदद करेंगे। यह भी आपको बाजार में आसानी से मिल जाएंगे।

**नॉट हेयर बैंड :** ये हेयर बैंड नॉट डिजाइन के साथ आते हैं, जो आपको एक स्टाइलिश और ट्रेंडी लुक देते हैं। आजकल ये महिलाओं खासकर, लड़कियों की खास पसंद बने हुए हैं। नॉट हेयर बैंड्स बालों को सुसज्जित और व्यवस्थित रखने के साथ-साथ आपके आउटफिट को भी आकर्षक बनाते हैं। ये कैजुअल लुक के लिए भी उपयुक्त हैं, हालांकि इनको इस्तेमाल करना उतना आसान नहीं है, इसलिए आपको किसी की मदद लेनी पड़ती है।

**हेयर क्लिप विद फ्लॉवर :** इसमें आपके बाल क्लिप फ्लॉवर डिजाइन के साथ होते हैं, जो बालों में सजावट करने उसे खूबसूरत और आकर्षित दिखाने का एक तरीका है। फ्लॉवर के साथ हेयर क्लिप का यह स्टाइल आपके बालों को सुंदर और नरम लुक देने का काम करता है। यह क्लिप आमतौर पर किसी छोटे-मोटे समारोह के लिए उपयुक्त हैं और आपके लुक को खास बनाते हैं।

